(1) इन नियमों में किसी बात के होते हुए भी, महिला अधिकारियों का पूल, यदि संपदा निदेशक आवश्यक समझे, विवाहित महिला अधिकारियों और अविवाहित महिला अधिकारियों के लिए पृथकतः बनाए रखे जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण : इस उपनियम में,

(क) "विवाहित महिला अधिकारी" से ऐसी महिला अधिकारी अभिप्रेत है, जिसका विवाह अस्तित्व में है और जिसे अपने पति से न्यायिक रूप से पृथक नहीं किया गया है;

(ख) "अविवाहित महिला अधिकारी" से ऐसी महिला अधिकारी अभिप्रेत है, जो विवाहित महिला अधिकारी नहीं है।

(2) इन पूलों में रखे जाने वाले निवास-स्थानों की संख्या और टाइप सरकार समय-समय पर अवधारित करेगी।

(3) अधिकारी, उक्त पूलों में उस टाइप से ठीक निम्नतर टाइप की वास-सुविधा के आबंटन के हकदार होंगे जिसके वे अनु० नि० 317-कद-5 के उपबंधों के अधीन हकदार है।

(4) इस नियम के अधीन निवास-स्थानों के आबंटन के लिए पात्र अधिकारियों की परस्पर ज्येष्ठता, उस पूर्विकता तारीख के आधार पर अवधारित की जाएगी, जिस तारीख को ऐसा प्रत्येक अधिकारी उस पूल में निवास-स्थान के उस टाइप की पात्र हुई थी।

पारी-वास आबंटन-अनु० नि० 317-कद-9 :

कोई पारी-वास आबंटन नहीं किया जाएगा।

आबंटन या प्रस्थापना का स्वीकार न किया जाना अथवा आबंटित निवास-स्थान को स्वीकार करने के पश्चात् अधिभोग में न लेना-अनु नि० 317-कद-10 :

(1) यदि कोई अधिकारी किसी निवास-स्थान का आबंटन आबंटन-पत्र की प्राप्ति की तारीख से पांच दिन के भीतर स्वीकार नहीं करता है अथवा स्वीकार करने के बाद ऐसी तारीख से आठ दिन के भीतर उस निवास-स्थान का कब्जा नहीं लेता है तो वह उस आबंटन पत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधि पर्यन्त दूसरे आबंटन का पात्र नहीं होगा।

(2) यदि किसी अधिकारी को, जिसके अधिभोग में किसी निम्नतर टाइप का निवास-स्थान है, ऐसे टाइप का निवास-स्थान आबंटित या प्रस्थापित किया जाता है जिसके लिए वह अनु० नि० 317-कद-5 के अधीन पात्र है या जिसके लिए उसने अनु० नि० 317-कद-7(1)(iii) के अधीन आवेदन किया है तो उसे उसके द्वारा उक्त आबंटन या आबंटन की प्रस्थापना अस्वीकार कर दिए जाने पर, पूर्वतन आबंटित निवास-स्थान में रहने के लिए निम्नलिखित शर्तों पर अनुज्ञात किया जा सकता है, अर्थात् :—

(क) ऐसा अधिकारी उस आबंटन वर्ष की शेष अवधि तक, जिस वर्ष में उसने आबंटन या प्रस्थापना से इन्कार किया है, दूसरे आबंटन के लिए पात्र नहीं होगा;

(ख) विद्यमान निवास-स्थान रखे रहने के दौरान उस पर वही अनुज्ञप्ति फीस जो उसे सा० नि० 45-क के अधीन इस प्रकार आबंटित या प्रस्थापित निवास-स्थान के लिए संदत्त करनी पड़ती अथवा वह अनुज्ञप्ति फीस, जो उस निवास-स्थान के लिए देय है जो पहले ही उसके अधिभोग में है, इन दोनों में से जो भी अधिक है, प्रभारित की जाएगी।

आबंटन प्रभावी रहने की अवधि और तत्पश्चात् कब्जा बनाए रखने की रियायती अवधि—अनु० नि० 317-कद-11:

(1) आबंटन उस तारीख से प्रभावी होगा जिसको वह अधिकारी द्वारा स्वीकार किया जाता है और तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि—

(क) अधिकारी के गाजियाबाद में किसी पात्र कार्यालय में कर्तव्यारूढ़ न रह जाने के पश्चात्, वह रियायती अवधि समाप्त नहीं हो जाती जो उपखण्ड (2) के अधीन अनुज्ञेय है;

(ख) आबंटन, सम्पदा निदेशक द्वारा रद्द नहीं कर दिया जाता या इन नियमों के किसी उपबन्ध के अधीन रद्द किया गया नहीं समझा जाता;

(ग) वह अधिकारी द्वारा अभ्यर्पित नहीं कर दिया जाता;

(घ) अधिकारी निवास-स्थान का अधिभोग समाप्त नहीं कर देता।

(2) अधिकारी उसे आबंटित निवास-स्थान को, उपनियम (3) के अधीन रखते हुए निम्न सारणी के स्तम्भ (1) में विनिर्दिष्ट घटनाओं में से किसी के होने पर उस अवधि पर्यन्त, अपने पास रख सकता है जो उस सारणी के स्तम्भ (2) में तत्सम्बन्धी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट है: परन्तु यह तब जबकि वह निवास-स्थान उस अधिकारी या उसके कुटुम्ब के सदस्यों के वास्तविक उपयोग के लिए अपेक्षित है।

सारणी

घटनाएं	निवास-स्थान अपने पास रखे रखने के लिए अनुज्ञेय अवधि
1	2
(i) पदत्याग, पदच्युति या सेवा से हटाया जाना, सेवा का पर्यवसान अथवा बिना अनुज्ञा के अप्राधिकृत अनुपस्थिति	एक मास
(ii) सेवा-निवृत्ति या सेवान्त छुट्टी	दो मास
(iii) आबंटिती की मृत्यु	चार मास
(iv) गाजियाबाद से बाहर किसी स्थान को स्थानान्तरण	दो मास
(v) गाजियाबाद में किसी अपात्र कार्यालय को स्थानान्तरण	दो मास
(vi) भारत में अन्यत्र सेवा पर जाना	दो मास

1	2
(vii) भारत में अस्थायी स्थानान्तरण अथवा भारत से बाहर किसी स्थान के लिए स्थानान्तरण ।	चार मास
(viii) छुट्टी (जो निवृत्ति-पूर्व छुट्टी अस्वीकृत छुट्टी, सेवान्त छुट्टी, चिकित्सा छुट्टी या अध्ययनार्थ छुट्टी से भिन्न है) ।	छुट्टी की अवधि पर्यन्त किन्तु चार मास से अधिक नहीं ।
(ix) (क) प्रसूति छुट्टी	प्रसूति छुट्टी और उसके क्रम में दी गई छुट्टी की अवधिपर्यन्त किन्तु इसकी अधिकतम सीमा 5 मास से अधिक नहीं होगी ।
(x) निवृत्ति-पूर्व छुट्टी या मू० नि० 86 के अधीन दी गई अस्वीकृत छुट्टी अथवा ऐसे सरकारी सेवकों को दी गई अर्जित छुट्टी जो मू० नि० 56(झ) के अधीन निवृत्त होते हैं ।	पूरे औसत वेतन पर छुट्टी की पूर्ण अवधिपर्यन्त, किन्तु इसकी अधिकतम सीमा निवृत्ति पूर्व छुट्टी की दशा, में 180 दिन और अन्य मामलों में चार मास होगी ।
(xi) भारत में या इससे बाहर अध्ययनार्थ छुट्टी ।	(क) यदि अधिकारी अपने हक नीचे की वास-सुविधा का अधिभोग कर रहा है तो, अध्ययन छुट्टी की पूर्ण अवधि-पर्यन्त । (ख) यदि अधिकारी अपने हक की वास-सुविधा का अधिभोग कर रहा है तो, अध्ययन छुट्टी पर्यन्त, किन्तु 6 मास से अधिक नहीं : परन्तु जहां अध्ययन छुट्टी छह मास से अधिक की हो जाती है तो उसे छह मास की समाप्ति पर या अध्ययन छुट्टी के प्रारम्भ की तारीख से, यदि वह ऐसी वांछा करे, उसके हक के टाइप से एक टाइप नीचे की वैकल्पिक वास-सुविधा आबंटित की जा सकेगी ।
(xii) भारत से बाहर प्रतिनियुक्ति	प्रतिनियुक्ति छुट्टी की अवधिपर्यन्त, किन्तु छह मास से अधिक नहीं ।
(xiii) चिकित्सीय आधार पर छुट्टी	छुट्टी की पूर्ण अवधिपर्यन्त ।
(xiv) प्रशिक्षणार्थ जाने पर	प्रशिक्षण की पूर्ण अवधिपर्यन्त ।

स्पष्टीकरण 1—जब भारत में स्थानान्तरण होने या अन्यत्र सेवा में जाने पर किसी अधिकारी को कोई छुट्टी मंजूर की जाती है और वह नए कार्यालय में पदभार ग्रहण करने से पूर्व उस छुट्टी का उपभोग करता है तो उसे मद (iv), (v), (vi) और (vii) के सामने वर्णित अवधि के लिए या छुट्टी की अवधि के लिए दोनों में से जो भी अधिक है, निवास-स्थान रखे रहने की अनुज्ञा दी जा सकती है ।

स्पष्टीकरण 2—जब भारत में स्थानान्तरण या अन्यत्र सेवा सम्बन्धी कोई आदेश किसी अधिकारी को तब जारी किया जाता है जब वह पहले से ही छुट्टी पर है तो स्पष्टीकरण 1 के अधीन अनुज्ञेय अवधि ऐसा आदेश जारी करने की तारीख से गिनी जाएगी ।

(3) जब कोई निवास-स्थान उपनियम (2) के अधीन रखे रखा जाता है तो अनुज्ञेय रियायती अवधियों की समाप्ति पर वह आबंटन, सिवाय उस दशा के जब उन अवधियों की समाप्ति के पश्चात् वह अधिकारी गाजियाबाद में किसी पात्र कार्यालय में कर्तव्यभार ग्रहण कर लेता है, रद्द किया गया समझा जाएगा ।

(3-क) जब कोई अधिकारी बिना वेतन और भत्ते के चिकित्सीय छुट्टी पर हो वह उपनियम (2) के नीचे दी गई सारणी की मद सं० (xii) के अधीन दी गई रियायत के आधार पर अपने निवास-स्थान को रखे रख सकता है परन्तु यह तब जब वह ऐसे निवास-स्थान के लिए अनुज्ञप्ति फीस प्रतिमास नकद भेजता रहे और ऐसी फीस दो मास से अधिक तक न भेजने की दशा में, आबंटन रद्द हो जाएगा ।

(4) जिस अधिकारी ने उपनियम (2) के नीचे दी गई सारणी की मद (i) या मद (ii) के अधीन रियायत के आधार पर निवास-स्थान रखे रखा है, वह किसी पात्र कार्यालय में, उक्त सारणी में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, पुनर्नियोजित होने पर इस बात का हकदार होगा कि उस निवास-स्थान को अपने पास रखे रहे तथा वह इन नियमों के अधीन निवास-स्थान के किसी और आबंटन का भी पात्र होगा :

परन्तु यदि पुनर्नियोजन होने पर, अधिकारी की उपलब्धियां इतनी हैं जिनके आधार पर वह उस टाइप के निवास-स्थान का हकदार नहीं है जो उसके अधिभोग में है, तो उसे निम्नतर टाइप का निवास-स्थान आबंटित किया जाएगा ।

(5) उपनियम (2) या उपनियम (3) या उपनियम (4) में किसी बात के होते हुए भी, जब कोई अधिकारी पदच्युत किया जाता है या सेवा से हटाया जाता है या जब उसकी सेवा पर्यवसित की जाती है तथा उस कार्यालय के जिसमें ऐसा अधिकारी ऐसी पदच्युति, हटाए जाने या पर्यवसान के ठीक पूर्व नियोजित था, विभाग के प्रधान का समाधान हो जाता है कि ऐसा करना लोकहित में आवश्यक और समीचीन है तो वह सम्पदा निदेशक से यह अपेक्षा कर सकता है कि वह ऐसे अधिकारी को आबंटित निवास-स्थान का आबंटन या तो तुरन्त रद्द कर दे या उस तारीख से रद्द कर दे जो उपनियम (2) के नीचे दी गई सारणी की मद (i) में निर्दिष्ट एक मास की अवधि की समाप्ति से पूर्व की है और जो वह विनिर्दिष्ट करता है तथा सम्पदा निदेशक तदनुसार कार्रवाई करेगा ।

अनुज्ञप्ति फीस सम्बन्धी उपबन्ध—अनु० नि० 317-कव-12 :

(1) यदि वास-सुविधा या अनुकल्पी वास-सुविधा का आबंटन स्वीकार कर लिया जाता है तो अनुज्ञप्ति फीस का दायित्व अधिभोग की तारीख से अथवा आबंटन की प्राप्ति की तारीख से आठवें दिन से, जो भी पूर्वतर है प्रारम्भ होगा ।

जो अधिकारी आबंटन स्वीकार करने के पश्चात् उस वास-सुविधा का कब्जा आबंटन-पत्र की प्राप्ति की तारीख से आठ दिन के भीतर नहीं लेता उससे उस तारीख से बारह दिन की अवधि तक की अनुज्ञप्ति फीस ली जाएगी परन्तु इसमें की कोई बात उस दशा में लागू नहीं होगी जब केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग यह प्रमाणित कर दे कि वास-सुविधा अधिभोग के योग्य नहीं है और उसके परिणामस्वरूप अधिकारी पूर्वोक्त अवधि के भीतर वास-सुविधा को अधिभोग में नहीं लेता है ।

(2) जहां एक निवास-स्थान के अधिभोगी किसी अधिकारी को दूसरा निवास-स्थान आबंटित कर दिया जाता है और वह नए निवास-स्थान का अधिभोग प्राप्त कर लेता है तो पहले निवास-स्थान का आबंटन नए निवास-स्थान का अधिभोग प्राप्त करने की तारीख से रद्द हुआ समझा जाएगा । तथापि, निवास-स्थान बदलने के लिए वह पहले निवास-स्थान को उस दिन तथा उसके बाद के एक दिन तक, बिना अनुज्ञप्ति फीस दिए, अपने पास रख सकता है ।

"परन्तु यदि पहला निवास-स्थान पूर्वोक्त के अनुसार पश्चात्वर्ती तारीख तक खाली नहीं किया जाता है, तो अधिकारी उस तारीख से जिसको वह पश्चात्वर्ती निवास-स्थान का कब्जा लेता है, उस निवास-स्थान, सेवाओं और फर्नीचर के उपयोग और अधिभोग के लिए उतनी नुक्सानी और उपान प्रभारों का संदाय, उतने बाजार अनुज्ञप्ति फीस के बराबर करने के लिए दायी होगा, जितनी सरकार समय-समय पर अवधारित करे ।"

निवास-स्थान के खाली किए जाने तक अधिकारी का अनुज्ञप्ति फीस देने का वैयक्तिक दायित्व तथा अस्थायी अधिकारियों द्वारा प्रतिभू दिया जाना—अनु० नि० 318—कद-13:

(1) जिस अधिकारी को निवास-स्थान का आबंटन किया जाए उस पर उसकी अनुज्ञप्ति फीस का तथा उस नुकसान का दायित्व होगा जो उचित टूट-फूट के अतिरिक्त है और जो उस निवास-स्थान को अथवा सरकार द्वारा उसमें दिए गए फर्नीचर, फिक्सचर, फिटिंग या सेवा-व्यवस्था को उस अवधि के दौरान पहुंचती है जब निवास-स्थान उसे आबंटित कर दिया जाता है और आबंटित बना रहता है या, यदि आबंटन इन नियमों के किसी उपबन्ध के अधीन रद्द कर दिया गया है वहां, जब तक निवास-स्थान तथा उससे संलग्न उपगृह खाली करके उनका पूर्णतः खाली रूप में कब्जा सरकार को वापस नहीं कर दिया जाता ।

(2) यदि वह अधिकारी जिसे निवास-स्थान आबंटित किया गया है, न तो स्थायी सरकारी सेवक है और न स्थायीवत् तो वह केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त विहित प्ररूप में, एक प्रतिभू सहित प्रतिभूति-पत्र निष्पादित करेगा । यह प्रतिभू केन्द्रीय सरकार के अधीन सेवा करने वाला स्थायी सरकारी सेवक होना चाहिए । यह प्रतिभूति-पत्र अनुज्ञप्ति फीस तथा अन्य ऐसे प्रभारों के संदाय के लिए होगा जो उस निवास-स्थान और अन्य सेवाओं की बाबत तथा उसके बदले में दिए गए किसी अन्य निवास-स्थान की बाबत उसके द्वारा देय है ।

(3) यदि प्रतिभू सरकारी सेवा में नहीं रह जाता या दिवालिया हो जाता है या किसी अन्य कारण से उपलभ्य नहीं रह जाता है तो अधिकारी किसी अन्य प्रतिभू द्वारा निष्पादित एक नया बन्धपत्र उस घटना या तथ्य की जानकारी प्राप्त होने की तारीख से तीस दिन के भीतर देगा, और यदि वह ऐसा नहीं करता है तो, जब तक कि सम्पदा निदेशक अन्यथा विनिश्चय न करे, उस निवास-स्थान का उसे आवंटन उस घटना की तारीख से रद्द किया गया समझा जाएगा ।

आबंटन का अभ्यर्पण और सूचना की अवधि—अनु० नि० 317-कद-14:

(1) अधिकारी ऐसी सूचना देकर, जो निवास-स्थान को खाली करने की तारीख से कम से कम दस दिन पूर्व सम्पदा निदेशक के पास पहुंच जाए, किसी भी समय आबंटन को अभ्यर्पित कर सकता है । निवास-स्थान का आबंटन उस दिन के पश्चात् जिसको पत्र सम्पदा निदेशक को प्राप्त होता है, ग्यारहवें दिन से या पत्र में विनिर्दिष्ट तारीख से, जो भी पश्चात्वर्ती है रद्द किया गया समझा जाएगा । यदि अधिकारी सम्यक् सूचना न दे तो वह दस दिन को, अथवा दस दिन की सूचना देने में जितने दिन की कमी है उतने दिन की अनुज्ञप्ति फीस देने के लिए उत्तरदायी होगा, परन्तु सम्पदा निदेशक कम अवधि की सूचना स्वीकार कर सकता है ।

(2) उपनियम (1) के अधीन निवास-स्थान अभ्यर्पित करने वाले अधिकारी के सम्बन्ध में, उसी स्टेशन पर सरकारी वास-सुविधा का आबंटन करने के लिए ऐसे अभ्यर्पण की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक पुनः विचार नहीं किया जाएगा ।

निवास-स्थान बदलना—अनु० नि० 317-कद-15:

(1) जिस अधिकारी को इन नियमों के अधीन निवास-स्थान का आबंटन किया गया है वह यह आवेदन कर सकता है कि उसे उसके बदले में उसी टाइप का अथवा उस टाइप का जिसका पात्र वह अनु० नि० 317-कद-5 के अधीन है (जो भी निम्नतर है), निवास-स्थान दिया जाए । किसी अधिकारी को आबंटित एक टाइप का निवास-स्थान एक बार से अधिक बदलने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(2) बदली के लिए सम्पदा निदेशक द्वारा विहित प्ररूप में किए गए सभी आवेदन किसी कलेण्डर मास के जो उन्नीसवें दिन तक प्राप्त हो जाते हैं, अगले मास की प्रतीक्षा-सूची में सम्मिलित किए जाएंगे । इस नियम के प्रयोजनों के लिए, वे अधिकारी जिनके नाम पूर्ववर्ती मास की प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित किए गए हैं समुच्चयित रूप से उन अधिकारियों से ज्येष्ठ होंगे जिनके नाम पश्चात्वर्ती मास की सूची में सम्मिलित किए जाते हैं । किसी विशिष्ट मास की सूची में सम्मिलित किए गए अधिकारियों की परस्पर ज्येष्ठता उनकी पूर्विकता तारीखों के क्रम से अवधारित की जाएगी ।

(3) बदली का अवसर उपनियम (2) के अनुसार अवधारित ज्येष्ठता क्रम में तथा अधिकारियों की अपनी पसन्द का यथा सम्भव ध्यान रखते हुए दिया जाएगा:

परन्तु सेवानिवृत्ति की तारीख से ठीक पूर्ववर्ती छह मास की अवधि के दौरान कोई निवास-स्थान बदलने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(4) यदि कोई अधिकारी निवास-स्थान बदलने की प्रस्थापना या आबंटन जारी किए जाने के पांच दिन के भीतर उसे स्वीकार नहीं करता तो उसके नाम पर उस टाइप के निवास-स्थान के परिवर्तन के लिए पुनः विचार नहीं किया जाएगा ।

(5) जो अधिकारी, निवास-स्थान की बदली स्वीकार करने के पश्चात् उसका कब्जा नहीं लेता उससे ऐसे निवास-स्थान के लिए अनु० नि० 317-कद-12 के उपनियम (1) के उपबन्धों के अनुसार अनुज्ञप्ति फीस ली जाएगी, जो उस निवास-स्थान के लिए, जो पहले से उसके कब्जे में है, और जिसका आबंटन बराबर बना रहेगा, मू० नि० 45-क के अधीन प्रसामान्य अनुज्ञप्ति फीस के अतिरिक्त होगी ।

कुटुम्ब के सदस्य की मृत्यु की दशा में निवास-स्थान बदलना—अनु० नि०-317-कद-16:

अनु० नि० 317-कद-15 में किसी बात के होते हुए भी, यदि अधिकारी के कुटुम्ब के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाती है और वह निवास-स्थान बदलने के लिए आवेदन ऐसी घटना के तीन मास के भीतर करता है तो उसे निवास-स्थान बदलने की अनुज्ञा दी जा सकती है: परन्तु यह बदली उसी टाइप के निवास-स्थान में तथा उसी मंजिल पर होगी जिस टाइप का निवास-स्थान उस अधिकारी को पहले से आबंटित है ।

निवास-स्थानों का पारस्परिक विनिमय—अनु० नि० 317-कद-17:

जिन अधिकारियों को इन नियमों के अधीन एक ही टाइप के निवास-स्थान आबंटित किए गए हैं, वे आवदन कर सकते हैं कि उन्हें अपने निवास-स्थानों का पारस्परिक विनिमय करने की अनुज्ञा दी जाए । जब इस बात की उचित तौर पर प्रत्याशा हो कि दोनों अधिकारी ऐसे विनिमय के अनुमोदन की तारीख से कम से कम छह मास तक गाजियाबाद में कर्त्तव्यारूढ़ रहेंगे और पारस्परिक रूप से विनिमय में प्राप्त अपने निवास-स्थान में रहेंगे तब पारस्परिक विनिमय की अनुज्ञा दी जा सकती है ।

उन स्थानों के लिए स्थानान्तरण जहां कुटुम्ब नहीं रखा जा सकता—अनु० नि० 317—कद-18:

यदि किसी अधिकारी का स्थानान्तरण किसी ऐसे स्थान को किया जाता है जहां उसे अपना कुटुम्ब साथ ले जाने के लिए सरकार द्वारा अनुज्ञा नहीं दी जाती या सलाह नहीं दी जाती और इन नियमों के

अधीन उसे आबंटित निवास-स्थान उसी सन्तान को वास्तविक शिक्षा सम्बन्धी आवश्यकताओं के लिए कुटुम्ब द्वारा अपेक्षित है तो उसे, प्रार्थना करने पर, गाजियाबाद में अपनी सन्तान के चालू शैक्षणिक सत्र के अन्त तक मू० नि० 45-क के अधीन अनुज्ञप्ति फीस के संदाय पर, निवास-स्थान रखे रखने की अनुज्ञा दी जा सकती है ।

निवास-स्थान का रख-रखाव—अनु० नि० 317-कद-19:

जिस अधिकारी को निवास-स्थान का आबंटन किया गया है वह उसे और परिसरों को यथास्थिति केन्द्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा सम्बद्ध नगरपालिका को समाधानप्रद रूप में साफ-सुथरा रखेगा । ऐसा अधिकारी उस निवास-स्थान के संलग्न किसी उद्यान, लेहन या चार-दीवारी में न तो सरकार या केन्द्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के विरुद्ध कोई वृक्ष, झाड़ी या पौधे उगाएगा और न ही किसी विद्यमान वृक्ष या झाड़ी को केन्द्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग की लिखित पूर्व अनुज्ञा के बिना काटेगा या छांटेगा । इस नियम के उल्लंघन में लगाए गए वृक्ष, पौधे या वनस्पति सम्बन्धित अधिकारी की जोखिम पर और उसके खर्च पर केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग हटवा सकेगा ।

निवास-स्थान को शिकमी देना और सहभोग—अनु० नि० 317-कद-20:

(1) कोई अधिकारी अपने को आबंटित निवास-स्थान या उससे संलग्न उपगृहों, गैरजों, और अस्तबलों का सहभोग इन नियमों के अधीन निवास-स्थान के आबंटन के पात्र केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के साथ ही करेगा । सेवक-निवासों, उपगृहों, गैरेजों और अस्तबलों का उपयोग केवल उचित प्रयोजनों के लिए, जिनके अन्तर्गत आबंटिती के सेवकों का निवास भी है, या अन्य ऐसे प्रयोजनों के लिए किया जाएगा जिनकी सम्पदा निदेशक अनुज्ञा दे ।

(2) कोई अधिकारी अपने सम्पूर्ण निवास-स्थान को शिकमी नहीं देगा:

परन्तु छुट्टी पर जाने वाला अधिकारी अपने निवास-स्थान में किसी अन्य अधिकारी को जो सरकारी वास-सुविधा का सहभोग करने के लिए पात्र है, देखभाल करने वाले के रूप में, अनु० नि० 317-कद-11 (2) में विनिर्दिष्ट अवधिपर्यन्त (जो छह मास से अधिक की नहीं होगी) रख सकता है ।

(3) जो अधिकारी अपने निवास-स्थान का सहभोग करे या उसे शिकमी दे वह ऐसा अपनी जोखिम और उत्तरदायित्व पर करेगा और उस निवास-स्थान की बाबत देय कोई अनुज्ञप्ति फीस देने के लिए और ऐसे किसी नुकसान के लिए वैयक्तिक रूप से उत्तरदायी बना रहेगा जो निवास-स्थान को या उसकी प्रसीमाओं या भूमियों को या सरकार द्वारा उसमें की गई सेवा व्यवस्थाओं को पहुंचे और जो उचित टूट-फूट के अतिरिक्त हो ।

नियमों और शर्तों को भंग करने का परिणाम—अनु० नि० 317-कद-21:

(1) यदि वह अधिकारी जिसे निवास-स्थान आबंटित किया गया है, अप्राधिकृत रूप से निवास-स्थान शिकमी देता है या सहभोगी से अनुज्ञप्ति फीस ऐसी दर से लेता है जिसे सम्पदा निदेशक अत्यधिक समझता है अथवा निवास-स्थान के किसी भाग में कोई अप्राधिकृत निर्माण करता है अथवा निवास-स्थान या उसके किसी भाग का उपभोग उन प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिए करता है जिसके लिए वह है अथवा विद्युत या जल के कनेक्शन को बिगाड़ता है अथवा इस प्रभाग के नियमों या आबंटन के निबन्धनों और शर्तों को भंग करता है अथवा किन्हीं ऐसे प्रयोजनों के लिए, जिन्हें सम्पदा निदेशक अनुचित समझे, निवास-स्थान या परिसर का उपयोग करता है या किए जाने की अनुज्ञा देकर उन्हें नुकसान पहुंचाता है अथवा स्वयं ऐसा आचरण करता है जो सम्पदा निदेशक की राय में उस अधिकारी के पड़ोसियों से शान्तिपूर्ण सम्बन्धों को बनाए रखने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है अथवा आबंटन प्राप्त करने की दृष्टि से किसी आवेदन या लिखित कथन में कोई गलत जानकारी जानबूझ कर देता है तो सम्पदा निदेशक, ऐसी किसी अनुशासनिक कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, जो उस अधिकारी के विरुद्ध की जा सकती हो, निवास-स्थान का आबंटन रद्द कर सकता है ।

स्पष्टीकरण—इस उपनियम में जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, "अधिकारी" पद के अन्तर्गत उसके कुटुम्ब का कोई सदस्य और ऐसे अधिकारी के माध्यम से दावा करने वाला कोई व्यक्ति भी है ।

(2) यदि कोई अधिकारी उसे आबंटित निवास-स्थान को या उसके किसी भाग को या उससे संलग्न किसी उपगृह, गैरेज या अस्तबल को इन नियमों का उल्लंघन करके शिकमी देता है तो ऐसी किसी अन्य कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो उसके विरुद्ध की जा सकती हो, उससे उतनी बर्धित अनुज्ञप्ति फीस ली जा सकती है जो मूल नियम 45-क के अधीन मानक अनुज्ञप्ति फीस के चार गुने से अधिक नहीं है । प्रत्येक मामले में इस बात का विनिश्चय कि कितनी अनुज्ञप्ति फीस वसूल की जाए और किस अवधि के लिए वसूल की जाए, सम्पदा निदेशक गुणागुण के आधार पर करेगा । इसके अतिरिक्त उस अधिकारी को भविष्य में ऐसी विनिर्दिष्ट अवधिपर्यन्त, जो सम्पदा निदेशक विनिश्चित करे, निवास-स्थान का सहभोग करने से विवर्जित किया जा सकता है ।

(3) जहां आबंटिती द्वारा परिसर के अप्राधिकृत रूप से शिकमी दिए जाने के कारण आबंटन रद्द करने की कार्रवाई की जाती है वहां आबंटिती तथा उसके साथ उसमें निवास करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को परिसर खाली करने के लिए साठ दिन का समय दिया जाएगा । परिसर खाली किए जाने की तारीख या आबंटन रद्द करने के आदेश की तारीख से, जो भी पूर्वतर है साठ दिन की अवधि समाप्त होने पर, आबंटन रद्द हो जाएगा ।

(4) यदि निवास-स्थान का आबंटन ऐसे आचरण के कारण रद्द किया जाता है जो पड़ोसियों से शान्तिपूर्ण सम्बन्ध बनाए रखने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है तो उस अधिकारी को संपदा निदेशक के विवेकानुसार उसी वर्ग का अन्य निवास-स्थान किसी अन्य स्थान में आबंटित किया जा सकता है ।

(5) संपदा निदेशक इस नियम के उपनियम (1) से (4) तक के अधीन सभी कार्रवाइयां या कोई कार्रवाई करने के लिए तथा ऐसे अधिकारी को, जो नियमों को तथा उसे जारी किए गए अनुदेशों को भंग करता है, तीन वर्ष से अनधिक की अवधि के लिए वास-सुविधा के आबंटन के लिए अपात्र घोषित करने के लिए भी सक्षम होगा ।

(6) यदि इस नियम के अधीन कोई शास्ति उप संपदा निदेशक की पंक्ति के किसी अधिकारी द्वारा अधिरोपित की जाती है, तो व्यथित व्यक्ति अपने या अपने नियोजक द्वारा शास्ति अधिरोपित करने वाले आदेशों की प्राप्ति के इक्कीस दिन के भीतर संपदा निदेशक या संपदा अतिरिक्त निदेशक को अभ्यावेदन कर सकेगा ।

(7) शास्ति अधिरोपित करने वाला मूल आदेश तब तक वैध रहेगा जब तक वह अभ्यावेदन के परिणामस्वरूप उपान्तरित या विखंडित नहीं कर दिया जाता ।

आबंटन के रद्द किए जाने के पश्चात् निवास-स्थान में बने रहना—अनु० नि० 317-कद-22 :

यदि कोई आबंटन इन नियमों के किसी उपबन्ध के अधीन रद्द कर दिया जाता है या रद्द कर दिया गया समझा जाता है और तत्पश्चात् वह निवास-स्थान उस अधिकारी के, जिसे वह आबंटित किया गया है या उसके माध्यम से दावा करने वाले व्यक्ति के अधिभोग में

बना रहता है या बना रहा है वहां ऐसा अधिकारी उस निवास-स्थान, सेवाओं, फर्नीचर के उपयोग और उपभोग के लिए उतनी नुकसानी और उधान प्रभार का देनदार होगा जो सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित बाजार अनुज्ञप्ति फीस के या उसके द्वारा दी जा रही अनुज्ञप्ति फीस के दोगुने के, इनमें से जो भी अधिक है, बराबर है :

परन्तु किसी अधिकारी को, विशेष दशाओं में, मू० नि० 45-क के आधार मानक अनुज्ञप्ति फीस के दो गुना या मू० नि० 45-क के अधीन पूरा की गई मानक अनुज्ञप्ति फीस से दो गुना, इनमें से जो भी अधिक है, देने पर, अनु० नि० 317-26-कद-11(2) के अधीन अनुज्ञात अवधि से परे छह मास से अनधिक की अवधि तक, निवास-स्थान रखे रखने की संपदा निदेशक द्वारा अनुज्ञा दी जा सकेगी ।

इन नियमों के जारी किए जाने के पहले किए गए आबंटनों का बना रहना—अनु० नि० 317-कद-23 .

निवास-स्थान के किसी ऐसे विधिमान्य आबंटन के बारे में जो इन नियमों के प्रारम्भ के ठीक पूर्व तत्समय प्रवृत्त नियमों के अधीन अस्तित्व में है, यह समझा जाएगा कि वह इन नियमों के अधीन सम्यक् रूप से किया गया आबंटन है और उस आबंटन और उस अधिकारी के सम्बन्ध में इन नियमों के सभी पूर्वगामी उपबन्ध, तदनुसार लागू होंगे । नियमों का निर्वचन—अनु० नि० 317-कद-24 :

यदि इस प्रभाग के नियमों के निर्वचन को बाबत कोई प्रश्न उठता है तो उसका विनिश्चय केन्द्रीय सरकार करेगी ।

नियमों का शिथिलीकरण—अनु० नि० 317-कद-25:

सरकार ऐसे कारणों से जो लेखबद्ध किए जाएंगे इस प्रभाग के नियमों के सभी उपबन्धों को या उनमें से किसी को किसी अधिकारी या निवास-स्थान के मामले में या अधिकारियों के किसी वर्ग या निवास-स्थानों के किसी टाइप के बारे में शिथिल कर सकेगी ।

शक्तियों या कृत्यों का प्रत्यायोजन—अनु० नि० 317-कद-26 :

(1) सरकार इस प्रभाग के नियमों द्वारा उसे प्रदत्त कोई शक्ति या सभी शक्तियां अपने नियंत्रणाधीन किसी अधिकारी को ऐसी शर्तों के अधीन, प्रत्यायोजित कर सकेगी, जो अधिरोपित करना वह ठीक समझे।

(2) सम्पदा निदेशक, लिखित रूप में साधारण या विशेष आदेश द्वारा यह निदेश दे सकेगा कि ऐसी शर्तों के, यदि कोई है, अधीन रहते हुए, जो आदेश में विनिर्दिष्ट की जाए, इन नियमों के अधीन उसके द्वारा प्रयोक्तव्य किसी शक्ति का प्रयोग सम्पदा प्रबन्धक या सहायक सम्पदा प्रबन्धक भी कर सकेगा।

[फा० सं० 12033(12)-77-नीति-2]

MINISTRY OF WORKS AND HOUSING

(Directorate of Estates)

New Delhi, the 16th November, 1979

S.O. 3848.—In exercise of the powers conferred by rule 45 of the Fundamental Rules, the President hereby makes the following rules further to amend the Supplementary Rules, issued with the Government of India, Finance Department's letter No. 104-CSR, dated the 4th February, 1922, namely:—

2. In part VIII of the said rules, the following rules shall be inserted as Division XXVI-AR.

DIVISION XXVI—AR

Short title and commencement.—S.R. 317-AR-1 :

(1) The rule in the Division may be called the Allotment of Government Residence (General Pool in Ghaziabad) Rules, 1979.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

827 GI/79—9

Definitions—S.R. 317-AR-2 :

In these rules, unless the context otherwise requires :—

(a) 'allotment' means the grant of a licence to occupy a residence in accordance with the provisions of these rules ;

(b) 'allotment year' means the year beginning on 1st January or such other period as may be notified by the President ;

(c) 'Director of Estates' means the Director of Estates to the Government of India and includes an Additional, Deputy and Assistant Director of Estates ;

(d) 'eligible office' means a Central Government Office, the staff of which has been declared by the Central Government as eligible for accommodation under these rules ;

(e) 'emoluments' means the emoluments as defined in Fundamental Rule 45-C but excluding the compensatory allowance ;

Explanation.—In the case of an officer who is under suspension the emoluments drawn by him on the first day of the allotment year in which he is placed under suspension, or, if he is placed under suspension on the first day of the allotment year, the emoluments drawn by him immediately before that date shall be taken as emoluments.

(f) 'family' means the wife or husband, as the case may be, and children, step-children, legally adopted children, parents brothers or sisters as ordinarily reside with and are dependant on the officer ;

(g) 'Ghaziabad' means such areas within the municipal limits of Ghaziabad as the Government may declare as conferring eligibility for the allotment of general pool accommodation ;

(h) 'Government' means Central Government unless the context otherwise requires ;

(i) 'priority date' of an officer in relation to a type of residence to which he is eligible under the provisions of S.R. 317-AR-5, means the earliest date from which he has been continously drawing employments relevant to a particular type or a higher type in a post under the Central Government or State Government or on foreign service, except for periods of leave :

Provided that in respect of a type B, Type C or D residence, the date from which the officer has been continously in service under the Central Government or State Government including the periods of foreign service shall be his priority date for that type :

Provided further that where the priority date of two or more officers is the same, seniority among them shall be determined by the amount of emoluments, the officer in receipt of higher emoluments taking precedence over the officer in receipt of lower emoluments; and where the emoluments are equal, by the length of service ;

(j) 'licence fee' means the sum of money payable monthly in accordance with the provisions of the Fundamental Rules in respect of a residence allotted under these rules;

(k) 'residence' means any residence for the time being under the administrative control of the Director of Estates ;

(l) 'subletting' includes sharing of accommodation by an allottee with another person with or without payment of licence fee by such other person ;

Explanation.—Any sharing of accommodation by an allottee with close relations shall not be deemed to be subletting.

(m) 'temporary transfer' means a transfer which involves an absence for a period not exceeding four months ;

(m) 'transfer' means a transfer from Ghaziabad to any other place or from an eligible office to an ineligible office in Ghaziabad and includes a transfer or reversion to service under a State Government or Union Territory Administration and also deputation to a post in an ineligible office or organisation ;

(o) 'type' in relation to an officer means the type of residence to which he is eligible under S.R. 317-XXVI-AR-5 ;

ELIGIBILITY OF OFFICERS OWNING HOUSES FOR ALLOTMENT UNDER THESE RULES (S.R. 317-AR-3)

(1) In this rule :—

(a) "adjoining municipality" means any municipality contiguous to a local municipality ;

(b) "house" in relation to an officer or member of his family means a building or part thereof used for residential purposes and situated within the jurisdiction of a local municipality or of any adjoining municipality.

Explanation.—A building, part of which is used for residential purposes, shall be deemed to be a house for the purposes of this clause notwithstanding that any part of it is used for non-residential purposes ;

(c) "local municipality" in relation to an officer means the municipality within whose jurisdiction his office is located ;

(d) "member of family" in relation to an officer means the wife or husband, as the case may be, or a dependent child of the officer ;

(e) "municipality" includes a municipal corporation, a municipal committee or board, a town area committee, a notified area committee, and a cantonment board.

(2) No officer shall be eligible for allotment of Government residence under these rules if he or any other member of his family owns a house.

(3) If an officer in occupation of Government residence owns a house, or any other member of his family owns a house, he shall surrender the Government residence in his occupation.

(4) Where an officer to whom sub-rule (3) is applicable does not surrender the Government residence as required under that sub-rule, he shall be liable to pay damages for use and occupation of the residence, service, furniture and garden charges, equal to the market licence fee as may be determined by Government from time to time.

(5) Notwithstanding anything in sub-rule (3) or sub-rule (4) where the house, owned by the officer to whom sub-rule (3) applies or by any other member of his family, is not comparable to the residence to which such officer is otherwise entitled under these rules, then, such officer may be allowed to retain the Government residence in his occupation on payment of licence fee under FR. 45-A, if such officer offers the house so owned by him or by any other member of his family, on lease, to the Director of Estates at such rent, for such period and on such other conditions relating to the lease as may be determined by the Director and undertakes to give vacant possession thereof to the Director within one week of the communication of the acceptance of the offer :

Provided that the Director may, if he considers it necessary so to do, having regard to the rent payable for the house, the locality in which it is situated, the availability of other houses for occupation by Government servants and other relevant circumstances and factors, refuse the offer made as aforesaid :

Provided further that :—

where the officer concerned has made the offer aforesaid has been paying damages as provided in sub-rule (4) as from that date, he shall continue to pay such damages until his offer is accepted or, if his offer is refused, so long as he occupies the Government residence ;

(6) Where after a Government residence has been allotted to an officer, he or any other member of his family constructs a house or otherwise becomes the owner of a house, such officer—

(a) shall notify the fact to the Director of Estates within a period of four weeks from the date on which he or such member becomes the owner of the house ;

(b) shall be ineligible for retention of Government residence and surrender the Government residence in his occupation within six weeks from the said date.

Explanation.—For the purposes of clause (a) and (b), a person shall be deemed to become the owner of a house, in the case of a newly constructed house, as from the date the local body concerned gives a certificate of completion or the date of actual occupation of the house, whichever is earlier.

(7) The provisions of Sub-rules (4) and (5) shall apply to any officer referred to in sub-rule (6) as they apply in relation to an officer referred to in sub-rule (3).

(8) Notwithstanding anything contained in this rule, Government may allot a residence to an officer, or if he is in occupation of such residence allow its retention, on payment of licence fee under F.R. 45-A or on rent free basis, as the case may be, in specific cases of hardship or in the public interest.

ALLOTMENT TO HUSBAND AND WIFE, ELIGIBILITY IN CASES OF OFFICERS WHO ARE MARRIED TO EACH OTHER, SR-317-AR-4 :—

(1) No officer shall be allotted a residence under these rules if the wife or the husband, as the case may be, of the officer has already been allotted a residence, unless such residence is surrendered.

Provided that this sub-rule shall not apply where the husband and wife are residing separately in pursuance of an order of judicial separation made by any court.

(2) Where two officers in occupation of separate residence allotted under these rules marry each other, they shall, within one month of the marriage, surrender one of the residences.

(3) If a residence is not surrendered, as required by sub-rule (2), the allotment of the residence of the lower type shall be deemed to have been cancelled on the expiry of such period and if the residences are of the same type, the allotment of such one of them, as the Director of Estates may decide, shall be deemed to have been cancelled on the expiry of such period.

(4) Where both wife and husband are employed under the Central Government, the title of each of them to allotment of a residence under these rules shall be considered independently.

(5) Notwithstanding anything contained in sub-rules (1) to (4) :—

(a) If a wife or husband, as the case may be, who is an allotee of a residence under these rules is subsequently allotted a residential accommodation at the same station from a pool to which these rules do not apply, she or he, as the case may be, shall surrender any one of the residences within one month of such allotment :

Provided that this clause shall not apply where the husband and wife are residing separately in pursuance of an order of judicial separation made by any court.

(b) Where two officers, in occupation of separate residences at the same station, one allotted under these rules and another from a pool to which these rules do not apply, marry each other, any one of them shall surrender any one of the residences within one month of such marriage;

(c) If a residence is not surrendered as required under clause (a) or clause (b) the allotment of the residence in the general pool shall be deemed to have been cancelled on the expiry of such period.

CLASSIFICATON OF RESIDENCES—S.R. 317-AR-5 :—

Save as otherwise provided by these rules an Officer will be eligible for allotment of a residence of the type shown in the table below.

Type of residence	Category of Officer or his monthly emoluments as on such date as may be specified by the Central Government for the purpose of the allotment year concerned.
A	Less than Rs. 260/-
B	Less than Rs. 500/- but not less than Rs. 260/-
C	Less than Rs. 1000/- but not less than Rs. 500/-
D	Less than Rs. 1500/- but not less than Rs. 1000/-
E	Rs. 1500/- and above.

APPLICATIONS FOR ALLOTMENT—S.R. 317-AR-6 :—

(1) Every Government Officer in occupation of Government accommodation shall submit his application in such form and manner and by such date, as may be specified by the Director of Estates in this behalf.

(2) In the case of officers not in occupation of Government accommodation, the Director of Estates shall invite applications in such form and manner and before such date as may be specified by him.

(3) An officer joining duty in Ghaziabad on first appointment or on transfer may submit his application to the Director of Estates within a month of his joining duty.

(4) Application received under sub-rule (3) on or before the 20th day of a calendar month shall alone be considered for allotment in the succeeding month.

ALLOTMENT OF RESIDENCES AND OFFERS—S.R. 317-AR-7 :—

(1) Save as otherwise provided in these rules, a residence on falling vacant, will be allotted by the Director of Estates preferrably to an applicant desiring a change of accommodation in that type under the provisions of S.R. 317-AR-5 and if not required for that purpose to an applicant without accommodation in that type having the earliest priority date for that type of residence subject to the following conditions :—

(i) The Director of Estates shall not allot a residence of a type higher than that to what the applicant is eligible under S.R. 31-AR-5.

(ii) The Director of Estates shall not compel any applicant to accept a residence of a lower type than that to what he is eligible under S.R. 317-AR-5.

(iii) The Director of Estates, on request from an applicant for allotment of a lower category residence, might allot to him a residence next below the type for which the applicant is eligible under S.R. 317-AR-5 on the basis of his priority date for the same.

(2) The Director of Estates may cancel the existing allotment of an officer and allot to him an alternative residence of the same type or in emergent circumstances an alternative residence of the type next below the type of residence in occupation of the officer if the residence in occupation of the officer is required to be vacated.

(3) A vacant residence may, in addition to allotment to an officer under sub-rule (1) above, be offered simultaneously to other eligible officers in order of their priority dates.

MAINTENANCE OF SEPARATE POOLS FOR CERTAIN CATEGORIES OF OFFICERS—S. R. 317-AR-8.

(1) Notwithstanding anything contained in these rules, a Lady Officers, Pool may, if considered necessary by the Director of Estates be maintained separately for married lady officers and for single lady officers.

Explanation : In this sub-rule—

(a) "married lady officers" means a lady officer whose marriage is subsisting and who is not judicially separated from her husband ;

(b) "single lady officer" means a lady officer who is not a married lady officer.

(2) The number and types of residences to be placed in these pools shall be determined by the Government from time to time.

(3) The officers shall be entitled to allotment of accommodation in the said pools in the type next below the type to which they are entitled under the provisions of S.R. 317-AR-5.

(4) The *inter se* seniority of the officers eligible for the allotment of residences under this rule shall be determined on the basis of the priority date on which each such officer became eligible for the type of residence in that pool.

OUT OF TURN ALLOTMENTS—S.R. 317-XXVI-AR-9.

No out-of-turn allotment shall be made.

NON-ACCEPTANCE OF ALLOTMENT OR OFFER OR FAILURE TO OCCUPY THE ALLOTTED RESIDENCE AFTER ACCEPTANCE—S. R. 317-AR-10.

(1) If any officer fails to accept the allotment of a residence within five days or fails to take possession of that residence after acceptance within eight days of the receipt of the letter of allotment he shall not be eligible for another allotment for a period of one year from the date of the allotment letter.

(2) If an officer occupying a lower type residence is allotted or offered a residence of the type for which he is eligible under S.R. 317-AR-5 or for which he has applied under S.R. 317-AR-7 (1) (iii), he may, on refusal of the said allotment or offer of allotment, be permitted to continue in the previously allotted residence on the following conditions namely :—

(a) that such an officer shall not be eligible for another allotment for the remaining period of the allotment year in which he has declined the allotment or offer ;

(b) while retaining the existing residence he shall be charged the same licence fee which he would have had to pay under F.R. 45-A in respect of the residence so allotted or offered or the licence fee payable in respect of the residence already in his occupation, whichever is higher.

PERIOD FOR WHICH ALLOTMENT SUBSISTS AND THE CONCESSTIONAL PERIOD FOR FURTHER RETENTION S.R. 317-AR-11 :

(1) An allotment shall be effective from the date on which it is accepted by the officer and shall continue in force until ;

(a) the expiry of the concessional period permissible under sub-clause (2) after the officer ceases to be on duty in an eligible office in Ghaziabad.

(b) It is cancelled by the Director of Estates or is deemed to have been cancelled under any provision in these rules ;

(c) It is surrendered by the officer ; or

(d) the officer ceases to occupy the residence.

(2) A residence allotted to an officer may, subject to sub-rule (3) be retained on the happening of any of the event specified in column 1 of the Table below for the period specified in the corresponding entry in column 2 thereof, provided that the residence is required for the bona-fide use of the officer or his family :—

TABLE

	Events	Permissible period for retention of the residence
(i)	Resignation, dismissal or removal from service, termination of service or unauthorised absence without permission.	1 month.

1	2
(ii) Retirement or terminal leave.	2 months.
(iii) Death of the allottee.	4 months.
(iv) Transfer to a place outside Ghaziabad.	2 months.
(v) Transfer to an in-eligible office in Ghaziabad.	2 months.
(vi) On proceeding on foreign service in India.	2 months.
(vii) Temporary transfer in India or transfer to a place outside India.	4 months.
(viii) Leave (other than leave preparatory to retirement refused leave, terminal leave, medical leave, maternity leave or study-leave).	for the period of leave but not exceeding 4 months.
(viii) (a) Maternity leave.	for the period of maternity leave plus the leave granted in continuation subject to a maximum of five months.
(ix) Leave preparatoty to retirement or refused leave granted under F.R.86 or earned leave granted to Government servants who retired under F.R.56(j).	For the full period of leave on full average pay subject to a maximum 180 days in the case of leave preparatory to retirement and 4 months in other cases.
(x) Study leave in or outside India.	(a) in case the officer is in occupation of accommodation below his entitlement, for the entire period of study-leave.
	(b) In case the officer is in occupation of his entitled type accommodation, for the period of study leave but not exceeding 6 months provided that where the study leave extend beyond six months he may be allotted alternative accommodation one type below his entitlement, on the expiry of six months or from the date of commencement of the study leave, if he so desires.
(xi) Deputation outside India.	For the period of deputation but not exceeding 6 months.
(xii) Leave on medical grounds	Full period of Leave.
(xiii) On proceeding on training.	For full period of training.

Explanation-I.—Where an officer on transfer or foreign service in India is sanctioned leave and avails of it before joining duty in the new office, he may be permitted to retain the residence for the period mentioned against items (iv), (v), (vi) and (vii) or for the period of leave, whichever is more.

Explanation-II.—Where an order of transfer or foreign service in India is issued to an officer while he is already on leave, the period permissible under Explanation-I, shall count from the date of such order.

(3) Where a residence is retained under sub-rule (2) the allotment shall be deemed to be cancelled on the expiry of the admissible concessional periods unless immediately on the expiry thereof the officer resumes duty in an eligible office in Ghaziabad.

(3A) Where an officer is on medical leave without pay and allowance he may retain his residence by virtue of the concession under item (xii) of the Table below sub-rule (2), provided he remits the licence fee for such residence in cash every month and where he fails to remit such licence fee for more than two months, the allotment shall stand cancelled.

(4) An officer who has retained the residence by virtue of the concession under item (i) or item (ii) of the Table below sub-rule (2) shall, on re-employment in an eligible office, within the period specified in the said Table, be entitled to retain that residence and he shall also be eligible for any further allotment of residence under these rules:

Provided that if the emoluments of the officers on such re-employment do not entitle him to the type of residence occupied by him, he shall be allotted a lower type of residence.

(5) Notwithstanding anything contained in sub-rule (2) or sub-rule (3) or sub-rule (4), when an officer is dismissed or removed from service or when his services have been terminated and the Head of the Department in respect of the office in which such officer was employed immediately before such dismissal, removal or termination is satisfied that it is necessary or expedient in the public interest so to do, he may require the Director of Estates to cancel the allotment of the residence made to such officers either forthwith or with effect from such date prior to the expiry of the period of one month referred to in item (i) of the Table below sub-rule (2) as he may specify and the Director of Estates shall act accordingly.

PROVISIONS RELATING TO LICENCE FEE—S.R.-317-AR-12 :

(1) Where an allotment of accommodation or alternative accommodation has been accepted, the liability for licence fee shall commence from the date of occupation or the eighth day from the date of receipt of the allotment, whichever is earlier.

An officer who, after acceptance fails to take possession of that accommodation within eight days from the date of receipt of the allotment letter, shall be charged licence fee from such date upto a period of twelve days, provided that nothing contained herein shall apply where the Central Public Works Department certifies that the accommodation is not fit for occupation and as a result thereof the officer does not occupy the accommodation within the period aforesaid.

(2) Where an officer, who is in occupation of a residence, is allotted another residence and he occupies the new residence, the allotment of the former residence shall be deemed to be cancelled from the date of occupation of the new residence. He may, however, retain the former residence without payment of licence fee for that day and the subsequent day for shifting.

"Provided that if the former residence is not vacated by the subsequent date as aforesaid, the officer will be liable to pay damages for use and occupation of the residence services, furniture and garden charges, equal to the market licence fee as may be determined by the Government from time to time, with effect from the date he takes possession of the latter residence."

PERSONAL LIABILITY OF THE OFFICER FOR PAYMENT OF LICENCE FEE TILL THE RESIDENCE IS VACATED AND FURNISHING OF SURETY BY TEMPORARY OFFICERS—S.R. 317-AR-13.

(1) The officer to whom a residence has been allotted shall be personally liable for the licence fee thereof and for any damage beyond fair wear and tear caused thereto or to the furniture, fixtures or fittings or services provided therein by Government during the period for which the residence has

been and remains allotted to him, or where the allotment has been cancelled under any of the provisions in these rules, until the residence along with the out-houses appurtenant thereto have been vacated and full vacant possession thereof has been restored to Government.

(2) Where the officer whom a residence has been allotted is neither a permanent nor a quasi-permanent Government servant, he shall execute a security bond in the form prescribed in this behalf by the Central Government with a surety who shall be a permanent Government servant serving under the Central Government for the payment of licence fee and other charges due from him in respect of such residence and services and any other residence provided in lieu.

(3) If the surety ceases to be in Government service or becomes insolvent or ceases to be available for any other reasons, the officer shall furnish a fresh bond executed by another surety within 30 days from the date of his acquiring knowledge of such event or fact; and if he fails to do so, the allotment of residence to him shall, unless otherwise decided by the Director of Estates, be deemed to have been cancelled w.e.f. the date of that event.

SURRENDER OF AN ALLOTMENT AND PERIOD OF NOTICE—S.R. 317-AR-14 :

(1) An officer may at any time surrender an allotment by giving intimation so as to reach the Director of Estates at least 10 days before the date of vacation of the residence. The allotment of the residence shall be deemed to be cancelled with effect from the 11th day after the day on which the letter is received by the Director of Estates or the date specified in the letter, whichever is later. If he fails to give due notice he shall be responsible for payment of licence fee for 10 days or the number of days by which the notice given by him falls short of 10 days, provided that the Director of Estates may accept a notice for a short period.

(2) An officer who surrenders the residence under sub-rule (i) shall not be considered again for allotment of Government accommodation at the same station for a period of one year from the date of such surrender.

CHANGE OF RESIDENCE—S.R.-317-AR-15 :

(1) An officer to whom a residence has been allotted under these rules may apply for a change for another residence of the same type or a residence of the type to which he is eligible under S.R. 317-AR-51 whichever is lower. Not more than one change shall be allowed in respect of one type of residence allotted to the officer.

(2) All applications for change made in the form prescribed by the Director of Estates and received upto the 19th day of a calender month shall be included in the Waiting List in the succeeding month. For purposes of this rule, the officers whose names are included in the Waiting List in an earlier month shall be senior en block to those whose names are included in the list in subsequent months. The inter se seniority of the officers included in the list in any particular month shall be determined in the order of their priority dates.

(3) Change shall be offered in order of seniority determined in accordance with sub-rule (2) and having regard to the officers' preferences as far as possible :

Provided that no change of residence shall be allowed during a period of six months immediately preceding the date of superannuation.

(4) If an officer fails to accept a change of residence offered to him within five days of the issue of such offer or allotment, he shall not be considered again for a change of residence of that type.

(5) An officer who, after accepting a change of residence fails to take the possession of the same, shall be charged licence fee for such residence in accordance with the provisions of sub-rule (1) of S.R. 317-AR-12 in addition to the normal licence fee under F.R. 45-A for the residence already in his possession, the allotment of which shall continue to subsist.

CHANGE OF RESIDENCE IN THE EVENT OF DEATH OF A MEMBER OF THE FAMILY—S.R. 317-AR-16 :

Notwithstanding anything contained in S.R. 317-AR-15 an officer may be allowed a change of residence on the death of any member of his family if he applies for a change within three months of such occurence, provided that the change will be given in the same type of residence and on the same floor as the residence already allotted to the officer.

MUTUAL EXCHANGE OF RESIDENCES—S.R. 317-AR-17:

Officers to whom residences of the same type have been allotted under these rules may apply for permission to mutually exchange their residences. Permission for mutual exchange may be granted if both the officers are reasonably expected to be on duty in Ghazidabad and to reside in their mutually exchanged residences for at least six months from the date of approval of such exchange.

TRANSFER TO NON-FAMILY STATIONS—S.R. 317-AR-18 :

If an officer is transferred to a station where he is not permitted or advised by Government to take his family with him and the residence allotted to him under these rules is required by the family for the bona fide educational needs of his children, he may be allowed, on request, to retain the residence on payment of licence fee under F.R. 45-A, till the end of current academic session of his children in Ghaziabad.

MAINTENANCE OF RESIDENCE—S.R. 317-AR-19 :

The officer to whom a residence has been allotted shall maintain the residence and premises in a clean condition to the satisfaction of the Central Public Works Department and the concerned Municipal Authority, as the case may be. Such officer shall not grow any tree, shrubs or plants contrary to the instructions issued by the Government or Central Public Works Department nor cut or lop off any existing tree or shrubs in any garden, courtyard or compound attached to the residence save with the prior permission in writing of the Central Public Works Department. Trees, plantations or vegetations grown in contravention of this rule may be caused to be removed by the Central Public Works Department at the risk and cost of the officer concerned.

SUBLETTING AND SHARING OF THE RESIDENCES—S.R. 317-AR-20 :

(1) No officer shall share the residence allotted to him or any of the out-houses, garages and stables appurtenant thereto except with the employees of the Central Government eligible for allotment of residences under these rules. The servants' quarters out-houses, garages and stables may be used only for the bona fide purposes including residence of the servants of the allottee or for such other purposes as may be permitted by the Director of Estates.

(2) No officer shall sublet the whole of his residence.

Provided that an officer proceeding on leave may accommodate, in the residence any other officer eligible to share Government accommodation, as a caretaker, for the period specified in S.R. 317-AR-11(2), but not exceeding six months.

(3) Any officer who shares or sublets his residence shall do so at his own risk and responsibility and shall remain personally responsible for any licence fee payable in respect of the residence and damaged caused to the residence or for its precincts or grounds or services provided therein by Government beyond fair wear and tear.

CONSEQUENCES OF BREACH OF RULES AND CONDITIONS—S.R. 317-AR-21 :

(1) If an officer to whom a residence has been allotted unauthorisedly sublets the residence or charges licence fee from the sharer at a rate which the Director of Estates considers excessive or erects any unauthorised structure in any part of the residence or uses the residence or any portion thereof for any purposes other than that for which it is meant or tampers with the electric or water connection or commits any other breach of the rules in this Division or of the terms

and conditions of the allotment or uses the residences or premises or permits or suffers the residence or premises to be used for any purpose which the Director of Estates considers to be improper reconducts himself in a manner which in the opinion of the Director of Estates is prejudicial to the maintenance of harmonious relations with his neighbours or has knowingly furnished incorrect information in any application or written statement with a view to securing the allotment, the Director of Estates, may, without prejudice to any other disciplinary action that may be taken against him, cancel the allotment of the residence.

Explanation.—In this sub-rule the expression 'officers' includes, unless the context otherwise requires, a member of his family and any person claiming through the officer.

(2) If an officer subjects a residence allotted to him or any portion thereof or any of the out-houses, garages or stables appurtenant thereto, in contravention of these rules he may without prejudice to any other action that may be taken against him be charged enhanced licence fee not exceeding four times the standard licence fee under F.R. 45-A. The quantum of licence fee to be recovered in each case will be decided by the Director of Estates on merits. In addition to the officer may be debarred from sharing the residence for a specified period in future as may be decided by the Director of Estates.

(3) Where action to cancel the allotment is taken on account of unauthorised subletting of the premises by the allottee, a period of sixty days shall be allowed to the allottee, and any other person residing with him therein to vacate the premises. The allotment shall be cancelled with effect from the date of vacation of the premises or expiry of the period of sixty days from the date of the orders for the cancellation of the allotment, whichever is earlier.

(4) Where the allotment of a residence is cancelled for conduct prejudicial to the maintenance of harmonious relations with neighbours, the officer at the discretion of the Director of Estates may be allotted another residence in the same clause at any other place.

(5) The Director of Estates shall be competent to take all or any of the actions under sub-rules (1) to (4) of this rules and also to declare the officer, who commits a breach of the rules and instructions issued to him, to be ineligible for allotment of residential accommodation for a period not exceeding three years.

(6) Where any penalty under this rule is imposed by any officer of the rank of Deputy Director of Estates, the aggrieved person, may be within twenty one days of the receipts of the orders by him or his employer imposing the penalty, file a representation to the Director of Estates or the Additional Director of Estates.

(7) The original order imposing the penalty shall stand unless it is modified or rescinded as a result of the representation.

Overstayal in residence after concellation of allotment-S.O. 317-AR-22

Where, after an allotment has been cancelled or is deemed to be cancelled under any provision contained in these rules, the residence remains or has remained in occupation of the officer to whom it has been allotted or of any person claiming through him, such officer shall be liable to pay damages for use and occupation of the residence, service, furniture and garden charges, equal to the market licence fee as may be determined by Government from time to time or twice the licence fee he was paying whichever is higher:

Provided that an officer, in special cases, may be allowed by the Director of Estates to retain a residence on payment of twice the standard licence fee under F.R. 45-A, or twice the pooled standard licence fee under F.R. 45-A, or twice the licence fee he was paying whichever is highest, for a period not exceeding six month beyond the period permitted under S.R. 317-KKVI-AR-11(2).

Continuance of allotment made prior to the issue of these rules-S.R. 317-AR-23

Any valid allotment of a residence which is subsisting immediately before the commencement of these rules shall be deemed to be an allotment duly under these rules and all the preceeding provisions of these rules shall apply in relation to that allotment and that officer accordingly.

Interpretation of rules—S.R. 317-AR-23

If any question arises as to the interpretation of the rules in this Division it shall be decided by the Central Government.

Relaxation of Rules—S.R. AR-25

The Government may for reasons to be recorded in writing relax all or any of the provisions of the rules in this Division in the case of any officer or residence or class of officers or type of residence.

Delegation of powers or functions—S.R. 317-AR-26

(1) The Government may delegate all or any of the powers conferred upon it by the rules in this Division to any officer under its control, subject to such conditions as it may deem fit to impose.

(2) The Director of Estates may, by general or special order in writing, direct that, subject to such conditions, if any, as may be specified in the order, any power exercisable by him under these rules, shall be exercisable also by the Estate Manager or the Assistant Estate Manager.

[F. No. 12033(12)/77-Pol. II]

का० आ० 3849.—राष्ट्रपति, मूल नियम के नियम 45 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के वित्त विभाग के पत्र सं० 104-सी एस आर, तारीख 4 फरवरी, 1922 द्वारा जारी किए गए अनुपूरक नियमों में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

उक्त नियमों के भाग 8 में, निम्नलिखित नियम प्रभाग 26 क ख के रूप में अंतःस्थापित किए जाएंगे ।

प्रभाग 26-क-ख

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ—अनु० नि० 317-कख-1 :

(1) इस प्रभाग के नियमों का नाम सरकारी निवास स्थान आबंटन (इन्दौर में साधारण पूल) नियम, 1979 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

परिभाषाएं—अनु० नि० 317-कख-2

इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) "आबंटन" से इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार निवास-स्थान के अधिभोग के लिए अनुज्ञप्ति देना अभिप्रेत है ;

(ख) "आबंटन वर्ष" से प्रथम जनवरी को आरम्भ होने वाला वर्ष या ऐसी अन्य अवधि अभिप्रेत है जो राष्ट्रपति द्वारा अधिसूचित की जाए ;

(ग) "इन्दौर" से इन्दौर की नगर सीमाओं के भीतर के वे क्षेत्र अभिप्रेत हैं जिनके बारे में सरकार यह घोषणा करे कि उनमें साधारण पूल वास-सुविधा के आबंटन की पात्रता प्राप्त हो जाती है ;

(घ) "संपदा निदेशक" से भारत सरकार का संपदा निदेशक अभिप्रेत है और उसके अन्तर्गत, अपर, उप और सहायक संपदा निदेशक भी है ;

(क) "पात्र कार्यालय" से केन्द्रीय सरकार का वह कार्यालय अभिप्रेत है जिसके कर्मचारिवृन्द को केन्द्रीय सरकार द्वारा इन नियमों के अधीन वास-सुविधा के लिए पात्र घोषित किया गया है ;

(ख) "उपलब्धियों" से मूल नियम 45ग में यथा परिभाषित उपलब्धियां अभिप्रेत है, किन्तु इसमें प्रतिकारात्मक भत्ते सम्मिलित नहीं हैं।

स्पष्टीकरण—निलम्बित अधिकारी के मामले में "उपलब्धियां" से वे उपलब्धियां मानी जाएंगी जो उसने उस आबंटन वर्ष के प्रथम दिन प्राप्त की है जिसमें वह निलम्बित किया गया है अथवा, यदि वह आबंटन वर्ष के प्रथम दिन ही निलम्बित किया गया है तो जो उसने उस तारीख के ठीक पहले प्राप्त की हैं ;

(छ) "कुटुम्ब" से अभिप्रेत है, यथास्थिति, पत्नी अथवा पति और संतान, सौतेली संतान, वैध रूप से दत्तक ली गई संतान, माता-पिता, भाई अथवा बहनें, जो सामान्यतया अधिकारी के साथ निवास करती हैं और जो उस पर आश्रित हैं ;

(ज) "सरकार" से, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, केन्द्रीय सरकार अभिप्रेत है ;

(झ) अधिकारी अनु० नि० 317-कक्ष-5 के उपबन्धों के अधीन जिस प्रकार के निवास-स्थान का पात्र है उसके संबंध में अधिकारी की "पूर्विकता तारीख" से वह पूर्वतन तारीख अभिप्रेत है जब से वह, छुट्टी की अवधि के सिवाय, निरन्तर उतनी उपलब्धियां केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा अन्यत्र सेवा के अधीन पद पर प्राप्त करता रहा हो जो उसे किसी विशिष्ट टाइप अथवा किसी उच्चतर टाइप के आबंटन के लिए सुसंगत है :

परन्तु टाइप ख, टाइप ग अथवा टाइप घ के निवास स्थानों के संबंध में, वह तारीख जब से अधिकारी केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार की सेवा में, जिसमें अन्यत्र सेवा की अवधि भी है, निरन्तर रहा है, उसकी उस टाइप के लिए पूर्विकता तारीख होगी :

परन्तु यह और कि जहां दो या अधिक अधिकारियों की पूर्विकता तारीख एक ही हो वहां उनके बीच ज्येष्ठता उपलब्धियों की राशि से अवधारित की जाएगी । अधिक उपलब्धियां प्राप्त करने वाले अधिकारी को कम उपलब्धियां प्राप्त करने वाले अधिकारी से अग्रता दी जाएगी, और जहां उपलब्धियां समान हैं वहां ज्येष्ठता सेवाकाल की दीर्घता के अनुसार अवधारित की जाएगी ।

(ञ) "अनुज्ञप्ति फीस" इन नियमों के अधीन आबंटित निवास स्थान के संबंध में मूल नियमों के उपबन्धों के अनुसार मासिक रूप से देय धनराशि अभिप्रेत है ;

(ट) "निवास-स्थान" से ऐसा निवास-स्थान अभिप्रेत है, जो तत्समय सम्पदा निदेशक के प्रशासनिक नियंत्रण में है ;

(ठ) "शिकमी देने" के अन्तर्गत किसी आबंटिती द्वारा अन्य व्यक्ति के साथ, उस व्यक्ति द्वारा अनुज्ञप्ति फीस का संदाय करने पर अथवा उसके बिना, वाससुविधा का सहभोग करना है ।

स्पष्टीकरण—आबंटिती द्वारा अपने निकट संबंधियों के साथ-वास-सुविधा का सहभोग शिकमी देना नहीं समझा जाएगा ;

(ड) "अस्थायी स्थानान्तरण" से ऐसा स्थानान्तरण अभिप्रेत है जिसमें अनुपस्थिति की अवधि चार मास से अनधिक है ;

(ढ) "स्थानान्तरण" से इन्दौर से किसी अन्य स्थान को अथवा किसी पात्र कार्यालय से इन्दौर में किसी अपात्र कार्यालय को, स्थानान्तरण अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत किसी राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के अधीन सेवा को स्थानान्तरण अथवा प्रतिवर्तन और किसी अपात्र कार्यालय अथवा संगठन में किसी पद पर प्रतिनियुक्ति भी है ,

(ण) किसी अधिकारी के सम्बन्ध में "टाइप" से निवास स्थान का वह टाइप अभिप्रेत है जिसका वह अनु० नि० 317-कक्ष-5 के अधीन पात्र है ।

जिन अधिकारियों के अपने मकान होंगे वे इन नियमों के अधीन आबंटन के लिए अपात्र होंगे—अनु० नि० 317-कक्ष-3 :

(1) इस नियम में,—

(क) "लगी हुई नगरपालिका" से ऐसी नगरपालिका अभिप्रेत है जो किसी स्थानीय नगरपालिका से लगी हुई है ;

(ख) किसी अधिकारी या उसके कुटुम्ब के किसी सदस्य के संबंध में "मकान" से ऐसा भवन या उसका कोई भाग अभिप्रेत है जिसका प्रयोग निवास के प्रयोजन के लिए किया जा रहा है और जो स्थानीय नगरपालिका या किसी लगी हुई नगरपालिका की अधिकारिता के भीतर स्थित है ।

स्पष्टीकरण—किसी भवन का कोई भाग जिसका प्रयोग निवास के प्रयोजन के लिए किया जा रहा है, इस खण्ड के प्रयोजन के लिए इस बात के होते हुए भी मकान समझा जाएगा कि उसका कोई भाग अनिवासीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग में लाया जा रहा है ;

(ग) किसी अधिकारी के संबंध में "स्थानीय नगरपालिका" से वह नगरपालिका अभिप्रेत है जिसकी अधिकारिता के भीतर उस अधिकारी का कार्यालय स्थित है ;

(घ) किसी अधिकारी के संबंध में "कुटुम्ब के सदस्य" से यथा स्थिति, पति-पत्नी या अधिकारी की उस पर आश्रित सन्तान अभिप्रेत है ;

(ङ) "नगरपालिका" के अंतर्गत नगर निगम, नगरपालिका समिति या बोर्ड, टाउन एरिया समिति, नोटीफाइड एरिया समिति और छावनी बोर्ड हैं ।

(2) कोई अधिकारी इन नियमों के अधीन सरकारी मकान के आबंटन के लिए पात्र नहीं होगा यदि वह या उसके कुटुम्ब का कोई सदस्य किसी मकान का स्वामी है ।

(3) यदि कोई अधिकारी, जिसके अधिभोग में सरकारी निवास-स्थान है, या उसके कुटुम्ब का कोई अन्य सदस्य किसी मकान का स्वामी है तो वह अपने कब्जे में सरकारी मकान को अभ्यर्पित कर देगा ।

(4) जहां कोई अधिकारी जिसको उपनियम (3) लागू होता है, उपनियम के अधीन अपेक्षित रूप में सरकारी निवास-स्थान अभ्यर्पित नहीं करता है तो उसे निवास-स्थान के प्रयोग और अधिभोग, सेवाओं, फर्नीचर और उद्यान प्रभारों के लिए ऐसी बाजार दर पर अनुज्ञप्ति फीस के बराबर नुकसानी देना होगा जो सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित की जाए ।

(5) उपनियम (3) या उपनियम (4) में किसी बात के होते हुए भी, जहां वह मकान, जिसका स्वामी ऐसा अधिकारी है जिसको उपनियम (3) लागू होता है या उसके कुटुम्ब का कोई अन्य सदस्य है, उस निवास से तुलनीय नहीं है जिसका वह अधिकारी है इन नियमों के अधीन अन्यथा हकदार है, वहां ऐसे अधिकारी को उसके अधिभोगाधीन सरकारी निवास स्थान को मू० नि० 45-क के अधीन अनुज्ञप्ति फीस देने पर रखे रहने की अनुज्ञा उस दशा में दी जा सकेगी जब कि ऐसा अधिकारी अपने या अपने कुटुम्ब के किसी सदस्य के स्वामित्वाधीन मकान, संपदा निदेशक को उतने किराए पर, उतनी अवधि के लिए और पट्टे से संबंधित उन अन्य शर्तों पर पट्टे पर देने की प्रस्थापना करे जो

निदेशक अवधारित करे और ऐसी प्रस्थापना की स्वीकृति की संसूचना के एक सप्ताह के भीतर उसका खाली कब्जा संपदा निदेशक को देने का वचन दे :

परन्तु निदेशक, यदि वह ऐसा करना आवश्यक समझे, मकान के लिए देय किराए, वह परिक्षेत्र जिसमें वह स्थित है, सरकारी सेवकों के लिए अन्य मकानों की उपलब्धि और अन्य सुसंगत परिस्थितियों और बातों को ध्यान में रखते हुए, उपर्युक्त प्रस्थापना को अस्वीकार कर सकता है

परन्तु यह और कि यदि सम्बन्धित अधिकारी ने उपरोक्त प्रस्थापना की है और उपनियम (4) में यथा उपबन्धित नुकसानी उसी तारीख से दे रहा है तो वह ऐसी नुकसानी तब तक देता रहेगा जब तक की उसकी प्रस्थापना स्वीकार नहीं कर ली जाती या, यदि उसकी प्रस्थापना अस्वीकार कर दी जाती है तो तब तक जब तक कि वह सरकारी निवास-स्थान का अधिभोग करता है ।

(6) यदि किसी अधिकारी को सरकारी निवास-स्थान का आबंटन हो चुकने के बाद वह स्वयं या उसके कुटुम्ब का अन्य सदस्य मकान बना लेता है अथवा अन्य किसी प्रकार मकान का स्वामी बन जाता है तो ऐसा अधिकारी,—

(क) वह या उसके कुटुम्ब का कोई सदस्य जिस तारीख को मकान का स्वामी बनता है उससे चार सप्ताह की अवधि के भीतर संपदा निदेशालय को यह तथ्य अधिसूचित करेगा ;

(ख) सरकारी मकान को रखे रहने का हकदार नहीं रहेगा और उक्त तारीख से छह सप्ताह के भीतर अपने अधिभोगाधीन सरकारी निवास अभ्यर्पित कर देगा ।

स्पष्टीकरण—खण्ड (क) और (ख) के प्रयोजनों के लिए, नव-निर्मित मकान के मामले में किसी व्यक्ति को उस तारीख से जिससे संबद्ध स्थानीय निकाय मकान के पूरा होने का प्रमाणपत्र देता है या उसके वास्तविक उपभोग की तारीख से, जो भी पूर्वतर हो, मकान का स्वामी हुआ समझा जाएगा ।

(7) उपनियम (7) में विनिर्दिष्ट किसी अधिकारी को उपनियम (4) और (5) के उपबंध उसी प्रकार लागू होंगे जैसे वे उपनियम (3) में निर्दिष्ट किसी अधिकारी के संबंध में लागू होते हैं ।

(8) इस नियम में किसी बात के होते हुए भी, सरकार, यथा-स्थिति, कठिनाई वाले विनिर्दिष्ट मामलों में या लोकहित में किसी अधिकारी को कोई निवास स्थान फीस मूल नियम 45-क के अधीन अनुज्ञप्ति फीस का संदाय किए जाने पर या बिना किराया लिए, आबंटित कर सकती है या यदि उसके अधिभोग में पहले से ही कोई निवास-स्थान है तो उसे रखे रहने की अनुज्ञा दे सकती है ।

पति और पत्नी को आबंटन, एक दूसरे से विवाहित अधिकारियों के मामलों में पात्रता—अनु० नि० 317-कघ-4 :

(1) किसी अधिकारी को, यथास्थिति, जिसकी पत्नी या जिसके पति को पहले ही निवास-स्थान आबंटित किया जा चुका है, इन नियमों के अधीन कोई निवास-स्थान तब तक आबंटित नहीं किया जाएगा जब तक कि वह ऐसे आबंटित निवास-स्थान अभ्यर्पित नहीं कर देता :

परन्तु यह उपनियम वहां लागू नहीं होगा जहां पति और पत्नी किसी न्यायालय द्वारा किए गए न्यायिक पृथक्करण के आदेश के अनुसरण में पृथक-पृथक निवास कर रहे हैं ।

(2) जहां दो अधिकारी, जो इन नियमों के अधीन पृथक रूप से आबंटित निवास-स्थानों के अधिभोगी हैं, एक दूसरे से विवाह कर लें वहां वे विवाह के एक मास के भीतर उन निवास स्थानों में से एक अभ्यर्पित कर देंगे ।

(3) यदि निवास-स्थान का अभ्यर्पण उपनियम (2) की अपेक्षानुसार नहीं किया जाता तो निम्नतर टाइप के निवास-स्थान का आबंटन ऐसी अवधि के अवसान पर रद्द हुआ समझा जाएगा और यदि निवास-स्थान एक ही टाइप के हैं तो संपदा निदेशक के विनिश्चयानुसार उनमें से एक का आबंटन ऐसी अवधि के अवसान पर रद्द हुआ समझा जाएगा ।

(4) जहां पति और पत्नी दोनों ही केन्द्रीय सरकार के अधीन नियोजन में हैं, वहां इन नियमों के अधीन निवास-स्थान के आबंटन की बाबत उन दोनों में से प्रत्येक के हक पर स्वतंत्र रूप से विचार किया जाएगा ।

(5) उपनियम (1) से (4) तक में किसी बात के होते हुए भी,—

(क) यदि, यथास्थिति, पत्नी या पति को, जो इन नियमों के अधीन निवास-स्थान का आबंटिती है, ऐसे पूल से, जिसे ये नियम लागू नहीं होते, एक ही स्टेशन पर बाद में निवास स्थान संबंधी कोई वास-सुविधा आबंटित कर दी जाती है तो, यथास्थिति, पत्नी या पति ऐसे आबंटन के एक मास के भीतर इन निवास स्थानों में से कोई एक अभ्यर्पित कर देगा :

परन्तु यह खंड वहां लागू नहीं होगा जहां पति और पत्नी किसी न्यायालय द्वारा किए गए न्यायिक पृथिकरण के आदेश के अनुसरण में पृथक-पृथक निवास कर रहे हैं ;

(ख) जहां दो अधिकारी, जो एक ही स्टेशन पर ऐसे पृथक निवास-स्थानों के अधिभोगी हैं जिनमें से एक निवास-स्थान इन नियमों के अधीन आबंटित किया गया है और दूसरा ऐसे पूल से, जिसे ये नियम लागू नहीं होते, एक दूसरे से विवाह कर लें, वहां उनमें से कोई भी एक अधिकारी ऐसे विवाह के एक मास के भीतर उन निवास-स्थानों में से किसी एक को अभ्यर्पित कर देगा ;

(ग) यदि निवास-स्थान का अभ्यर्पण खंड (क) या खंड (ख) की अपेक्षानुसार नहीं किया जाता तो साधारण पूल में के निवास-स्थान का आबंटन ऐसी अवधि के अवसान पर रद्द हुआ समझा जाएगा ।

निवास स्थानों का वर्गीकरण—अनु० नि० 317-कघ-5 :

इन नियमों द्वारा अन्यथा उपबन्धित के सिवाय, अधिकारी नीचे दी गई सारणी में दर्शित टाइप के निवास स्थान के आबंटन का पात्र होगा—

निवास-स्थान का टाइप	ऐसी तारीख को अधिकारी का प्रवर्ग या उसकी मासिक उपलब्धियां जो संबद्ध आबंटन वर्ष के प्रयोजनार्थ केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए ।
क.	260 रुपये से न्यून
ख.	500 रुपये से कम किन्तु 260 रुपये से कम नहीं
ग.	1000 रुपए से कम किन्तु 500 रुपए से कम नहीं
घ.	1500 रुपए से कम किन्तु 1000 रुपए से कम नहीं
ङ.	1500 रुपए और उससे अधिक

आबंटन के लिए आवेदन—अनु० नि० 317-कघ-6 :

(1) प्रत्येक सरकारी अधिकारी, जो सरकारी वास-सुविधा का अधिभोगी है अपना आवेदन ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से तथा ऐसी तारीख तक भेजेगा जो सम्पदा निदेशक द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट की जाए ।

(2) उन अधिकारियों में, जो सरकारी वास-सुविधा के अधिभोगी नहीं हैं, सम्पदा निदेशक ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से तथा ऐसी तारीख से पूर्व, जो उसके द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, आवेदन आमन्त्रित करेगा ।

(3) वह अधिकारी, जो प्रथम नियुक्ति पर या स्थानान्तरण पर इन्दौर में पदभार ग्रहण करता है, अपना आवेदन अपने पदभार ग्रहण करने के एक मास के भीतर संपदा निदेशक को भेज सकता है ।

(4) किसी भी कलैण्डर मास में आबंटन के लिए केवल उन्हीं आवेदनों पर विचार किया जाएगा जो पूर्ववर्ती मास की बीस तारीख को या उसके पूर्व प्राप्त हो जाए ।

निवास-स्थानों का आबंटन और प्रस्थापनाएं—अनु० नि० 317-कध-7 :

(1) इन नियमों में अन्यथा उपबन्धित के सिवाय, किसी निवास-स्थान के खाली होने पर वह संपदा निदेशक द्वारा अधिमानतः उस आवेदक को आबंटित किया जाएगा जो अनु० नि० 317-कध-15 के उपबन्धों के अधीन उस टाइप की वास-सुविधा का परिवर्तन चाहता है और यदि उस प्रयोजन के लिए अपेक्षित नहीं है तो, उस आवेदक को आबंटित किया जाएगा जिसके पास उस टाइप की वास-सुविधा नहीं है और जिसकी उस टाइप के निवास-स्थान के लिए पूर्विकता तारीख सब से पहले है । यह आबंटन निम्नलिखित शर्तों पर होगा, अर्थात् :—

(i) संपदा निदेशक उस टाइप से उच्चतर टाइप का निवास-स्थान आबंटित नहीं करेगा जिसका आवेदक अनु० नि० 317—कध—5 के अधीन पात्र है ;

(ii) संपदा निदेशक किसी आवेदक को इस बात के लिए विवश नहीं करेगा कि वह जिस टाइप के निवास स्थान का अनु० नि० 317—कध—5 के अधीन पात्र है उससे निम्नतर टाइप का निवास-स्थान स्वीकार करें ;

(iii) संपदा निदेशक, किसी निम्नतर कोटि के निवास-स्थान के आबंटन के लिए किसी आवेदक की प्रार्थना पर उसे ऐसे टाइप से ठीक निम्नतर निवास-स्थान आबंटित कर सकता है जिसके लिए आवेदक अनु० नि० 317—कध—5 के अधीन, उसके लिए अपनी पूर्विकता तारीख के आधार पर, पात्र हैं ।

(2) यदि किसी अधिकारी के अधिभोग वाले निवास-स्थान को खाली कराना अपेक्षित है तो संपदा निदेशक उस अधिकारी का वर्तमान आबंटन रद्द कर सकता है और उसे उसी टाइप का अनुकल्पी निवास-स्थान आबंटित कर सकता है, अथवा अत्यावश्यकता की स्थिति में, उस अधिकारी के अधिभोग वाले निवास-स्थान के टाइप से ठीक निम्नतर टाइप का अनुकल्पी निवास-स्थान आबंटित कर सकता है ।

(3) खाली निवास-स्थान को, उपर्युक्त उपनियम (1) के अधीन किसी अधिकारी को आबंटित किए जाने के अतिरिक्त, अन्य पात्र अधिकारियों को, उनकी पूर्विकता तारीखों के क्रम से, आबंटन के लिए प्रस्थापित किया जा सकता है ।

कतिपय प्रवर्गों के अधिकारियों के पृथक पूल बनाए रखना—अनु० नि० 317—कध—8 :

(1) इन नियमों में किसी बात के होते हुए भी, महिला अधिकारियों का पूल, यदि सम्पदा निदेशक आवश्यक समझे, विवाहित महिला अधिकारियों और अविवाहित महिला अधिकारियों के लिए पृथकतः बनाए रखे जा सकेंगे ।

स्पष्टीकरण : इस उपनियम में,

(क) "विवाहित महिला अधिकारी" से ऐसी महिला अधिकारी अभिप्रेत है, जिसका विवाह अस्तित्व में है और जिसे अपने पति से न्यायिक रूप से पृथक नहीं किया गया है ;

(ख) "अविवाहित महिला अधिकारी" से ऐसी महिला अधिकारी अभिप्रेत है, जो विवाहित महिला अधिकारी नहीं है ।

(2) इन पूलों में रखे जाने वाले निवास-स्थानों की संख्या और टाइप सरकार समय-समय पर अवधारित करेगी ।

(3) अधिकारी, उक्त पूलों में उस टाइप से ठीक निम्नतर टाइप की वास-सुविधा के आबंटन के हकदार होंगे जिसके वे अनु० नि० 317 कध—5 के उपबन्धों के अधीन हकदार है ।

(4) इस नियम के अधीन निवास-स्थानों के आबंटन के लिए पात्र अधिकारियों की परस्पर ज्येष्ठता, उस पूर्विकता तारीख के आधार पर अवधारित की जाएगी, जिस तारीख को ऐसा प्रत्येक अधिकारी उस पूल में निवास-स्थान के उस टाइप की पात्र हुई थी ।

पारी-बाह्य आबंटन—अनु० नि० 317—कध—9 :

कोई पारी बाह्य आबंटन नहीं किया जाएगा ।

आबंटन या प्रस्थापना का स्वीकार न किया जाना अथवा आबंटित निवास-स्थान को स्वीकार करने के पश्चात् अधिभोग में न लेना—अनु० नि० 317—कध—10 :

(1) यदि कोई अधिकारी किसी निवास-स्थान का आबंटन, आबंटन पत्र की प्राप्ति की तारीख से पांच दिन के भीतर स्वीकार नहीं करता है अथवा स्वीकार करने के बाद ऐसी तारीख से आठ दिन के भीतर उस निवास-स्थान का कब्जा नहीं लेता है तो वह उस आबंटन पत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधिपर्यन्त दूसरे आबंटन का पात्र नहीं होगा ।

(2) यदि किसी अधिकारी को, जिसके अधिभोग में किसी निम्नतर टाइप का निवास-स्थान है, ऐसे टाइप का निवास-स्थान आबंटित या प्रस्थापित किया जाता है जिसके लिए वह अनु० नि० 317—कध—5 के अधीन पात्र है या जिसके लिए उसने अनु० नि० 317—कध—7(1)(iii) के अधीन आवेदन किया है तो उसे उसके द्वारा उक्त आबंटन या आबंटन की प्रस्थापना अस्वीकार कर दिए जाने पर, पूर्वतन आबंटित निवास-स्थान में रहने के लिए निम्नलिखित शर्तों पर अनुज्ञात किया जा सकता है, अर्थात्:—

(क) ऐसा अधिकारी उस आबंटन वर्ष की शेष अवधि तक, जिस वर्ष में उसने आबंटन या प्रस्थापना से इंकार किया है, दूसरे आबंटन के लिए पात्र नहीं होगा ;

(ख) विद्यमान निवास-स्थान रखे रहने के दौरान उस पर वही अनुज्ञप्ति फीस जो उसे मू०नि० 45—क के अधीन इस प्रकार आबंटित या प्रस्थापित निवास-स्थान के लिए संदत्त करनी पड़ती अथवा वह अनुज्ञप्ति फीस, जो उस निवास स्थान के लिए देय है जो पहले ही उसके अधिभोग में है, इन दोनों में से जो भी अधिक है, प्रभारित की जाएगी ।

आबंटन प्रभावी रहने की अवधि और सत्पश्चात् कब्जा बनाए रखने की रियायती अवधि—अनु० नि० 317—कध—11 :

(1) आबंटन उस तारीख से प्रभावी होगा जिसको वह अधिकारी द्वारा स्वीकार किया जाता है और तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि—

(क) अधिकारी के इन्दौर में किसी पात्र कार्यालय से कर्तव्यारूढ़ न रह जाने के पश्चात्, वह रियायती अवधि समाप्त नहीं हो जाती जो उपखंड (2) के अधीन अनुज्ञेय है ,

(ख) आबंटन, संपदा निदेशक द्वारा रद्द नहीं कर दिया जाता या इन नियमों के किसी उपबन्ध के अधीन रद्द किया गया नहीं समझा जाता ,

(ग) वह अधिकारी द्वारा अभ्यर्पित नहीं कर दिया जाता ,

(घ) अधिकारी निवास-स्थान का अधिभोग समाप्त नहीं कर देता।

(2) अधिकारी उसे आबंटित निवास-स्थान को, उपनियम (3) के अधीन रहते हुए निम्न सारणी के स्तम्भ (1) में विनिर्दिष्ट घटनाओं में से किसी के होने पर उस अवधि पर्यन्त, अपने पास रख सकता है जो उस सारणी के स्तम्भ (2) में तत्संबन्धी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट है : परन्तु यह तब जब कि वह निवास-स्थान उस अधिकारी या उसके कुटुम्ब के सदस्यों के वास्तविक उपयोग के लिए अपेक्षित है।

सारणी

घटनाएं	निवास-स्थान अपने पास रखे रखने के लिए अनुज्ञेय अवधि
1	2
(i) पदत्याग, पदच्युति या सेवा से हटाया जाना, सेवा का पर्यवसान अथवा बिना अनुज्ञा के अप्राधिकृत अनुपस्थिति ।	एक मास
(ii) सेवा-निवृत्ति या सेवान्त छुट्टी	दो मास
(iii) आबंटिती की मृत्यु	चार मास
(iv) इंदौर से बाहर किसी स्थान को स्थानान्तरण	दो मास
(v) इंदौर में किसी अपात्र कार्यालय को स्थानान्तरण	दो मास
(vi) भारत में अन्यत्र सेवा पर जाना	दो मास
(vii) भारत में अस्थायी स्थानान्तरण अथवा भारत से बाहर किसी स्थान के लिए स्थानान्तरण	चार मास
(viii) छुट्टी (जो निवृत्ति-पूर्व छुट्टी, अभ्यर्पित छुट्टी, सेवान्त छुट्टी, चिकित्सा छुट्टी या अध्ययनार्थ छुट्टी से भिन्न है)	छुट्टी की अवधि पर्यन्त किन्तु चार मास से अधिक नहीं ।
(viii) (क) प्रसूति छुट्टी	प्रसूति छुट्टी और उसके क्रम में दी गई छुट्टी की अवधि पर्यन्त किन्तु इसकी अधिकतम सीमा 5 मास से अधिक नहीं होगी ।
(ix) निवृत्ति-पूर्व छुट्टी या मू० नि० 86 के अधीन दी गई अस्वीकृत छुट्टी अथवा ऐसे सरकारी सेवकों को दी गई अर्जित छुट्टी जो मू० नि० 56(अ) के अधीन निवृत्त होते हैं ।	पूरे औसत वेतन पर छुट्टी की पूर्ण अवधि पर्यन्त, किन्तु इसकी अधिकतम सीमा निवृत्ति पूर्व छुट्टी की दशा में, 180 दिन और अन्य मामलों में चार मास होगी ।
(x) भारत में या इससे बाहर अध्ययनार्थ छुट्टी	(क) यदि अधिकारी अपने हक से नीचे की वास-सुविधा का अधिभोग कर रहा है तो, अध्ययन छुट्टी की पूर्ण अवधि-पर्यन्त ।
	(ख) यदि अधिकारी अपने हक की वास-सुविधा का अधिभोग कर रहा है तो, अध्ययन छुट्टी पर्यन्त किन्तु 6 मास से अधिक नहीं :
1	2
	परन्तु जहां अध्ययन छुट्टी छह मास से अधिक की हो जाती है तो उसे छह मास की समाप्ति पर या अध्ययन छुट्टी के प्रारम्भ की तारीख से, यदि वह ऐसी वांछा करे, उसके हक के टाइप से एक टाइप नीचे की वैकल्पिक वास-सुविधा आबंटित की जा सकेगी।
(xi) भारत से बाहर प्रतिनियुक्ति	प्रतिनियुक्ति की अवधि पर्यन्त, किन्तु छह मास से अधिक नहीं
(xii) चिकित्सीय आधार पर छुट्टी	छुट्टी की पूर्ण अवधि पर्यन्त
(xiii) प्रशिक्षणार्थ जाने पर	प्रशिक्षण की पूर्ण अवधि पर्यन्त ।

स्पष्टीकरण 1—जब भारत में स्थानान्तरण होने या अन्यत्र सेवा में जाने पर किसी अधिकारी को कोई छुट्टी मंजूर की जाती है और वह नए कार्यालय में पद भार ग्रहण करने से पूर्व उस छुट्टी का उपभोग करता है तो उसे मद (iv), (v), (vi) और (vii) के सामने वर्णित अवधि के लिए या छुट्टी की अवधि के लिए दोनों में से जो भी अधिक है, निवास-स्थान रखे रहने की अनुज्ञा दी जा सकती है ।

स्पष्टीकरण 2—जब भारत में स्थानान्तरण या अन्यत्र सेवा संबन्धी कोई आदेश किसी अधिकारी को तब जारी किया जाता है जब वह पहले से ही छुट्टी पर है तो स्पष्टीकरण 1 के अधीन अनुज्ञेय अवधि ऐसा आदेश जारी करने की तारीख से गिनी जाएगी ।

(3) जब कोई निवास-स्थान उपनियम (2) के अधीन रखे रखा जाता है तो अनुज्ञेय रियायती अवधियों की समाप्ति पर वह आबंटन, सिवाय उस दशा के जब उन अवधियों की समाप्ति के पश्चात् वह अधिकारी इन्दौर में किसी पात्र कार्यालय में कर्तव्य भार ग्रहण कर लेता है, रद्द किया गया समझा जाएगा ।

(3क) जब कोई अधिकारी बिना वेतन और भत्ते के चिकित्सीय छुट्टी पर हो तो वह उपनियम (2) के नीचे दी गई सारणी की मद सं० (xii) के अधीन दी गई रियायत के आधार पर अपने निवास-स्थान को रखे रख सकता है परन्तु यह तब जब वह ऐसे निवास-स्थान के लिए अनुज्ञप्ति फीस प्रतिमास नकद भेजता रहे और ऐसी फीस दो मास से अधिक तक न भेजने की दशा में, आबंटन रद्द हो जाएगा ।

(4) जिस अधिकारी ने उपनियम (2) के नीचे दी गई सारणी की मद (i) या मद (ii) के अधीन रियायत के आधार पर निवास-स्थान रखे रखा है, वह किसी पात्र कार्यालय में, उक्त सारणी में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, पुनर्नियोजित होने पर इस बात का हकदार होगा कि उस निवास-स्थान को अपने पास रखे रहे तथा वह इन नियमों के अधीन निवास-स्थान के किसी और आबंटन का भी पात्र होगा :

परन्तु यदि पुनर्नियोजन होने पर, अधिकारी की उपलब्धियां इतनी हैं जिनके आधार पर वह उस टाइप के निवास-स्थान का हकदार नहीं है जो उसके अधिभोग में है, तो उसे निम्नतर टाइप का निवास-स्थान आबंटित किया जाएगा ।

(5) उपनियम (2) या उपनियम (3) या उपनियम (4) में किसी बात के होते हुए भी, जब कोई अधिकारी पदच्युत किया जाता है या सेवा से हटाया जाता है या जब उसकी सेवा पर्यवसित की जाती है तथा उस कार्यालय के जिसमें ऐसा अधिकारी ऐसी पदच्युति, हटाए जाने या पर्यवसान के ठीक पूर्व नियोजित था, विभाग के प्रधान का समाधान हो जाता है कि ऐसा करना लोकहित में आवश्यक और समीचीन है तो वह संपदा निदेशक से यह अपेक्षा कर सकता है कि वह ऐसे अधिकारी

को आबंटित निवास-स्थान का आबंटन या तो तुरन्त रद्द कर दे या उस तारीख से रद्द कर दे जो उपनियम (2) के नीचे दी गई सारणी की मद (i) में निर्दिष्ट एक मास की अवधि की समाप्ति से पूर्व की है और जो वह विनिर्दिष्ट करता है तथा संपदा निदेशक तदनुसार कार्रवाई करेगा ।

अनुज्ञप्ति फीस संबंधी उपबन्ध—अनु० नि० 317-कध-12 :

(1) यदि वास-सुविधा या अनुकल्पी वास-सुविधा का आबंटन स्वीकार कर लिया जाता है तो अनुज्ञप्ति फीस का दायित्व अधिभोग की तारीख से अथवा आबंटन की प्राप्ति की तारीख से आठवें दिन से, जो भी पूर्वतर है प्रारम्भ होगा ।

जो अधिकारी आबंटन स्वीकार करने के पश्चात् उस वास-सुविधा का कब्जा आबंटन-पत्र की प्राप्ति की तारीख से आठ दिन के भीतर नहीं लेता उससे उस तारीख से बारह दिन की अवधि तक की अनुज्ञप्ति फीस ली जाएगी, परन्तु इसमें की कोई बात उस दशा में लागू नहीं होगी जब केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग यह प्रमाणित कर दे कि वास-सुविधा अधिभोग के योग्य नहीं है और उसको परिणामस्वरूप अधिकारी पूर्वोक्त अवधि के भीतर वास-सुविधा को अधिभोग में नहीं लेता है ।

(2) जहां एक निवास-स्थान के अधिभोगी किसी अधिकारी को दूसरा निवास स्थान आबंटित कर दिया जाता है और वह नए निवास-स्थान का अधिभोग प्राप्त कर लेता है तो पहले निवास-स्थान का आबंटन नए निवास-स्थान का अधिभोग प्राप्त करने की तारीख से रद्द हुआ समझा जाएगा । तथापि, निवास-स्थान बदलने के लिए वह पहले निवास-स्थान को उस दिन तथा उसके बाद के एक दिन तक, बिना अनुज्ञप्ति फीस दिए, अपने पास रख सकता है ।

परन्तु यदि पहला निवास-स्थान पूर्वोक्त के अनुसार पश्चात्वर्ती तारीख तक खाली नहीं किया जाता है, तो अधिकारी उस तारीख से जिसको वह पश्चातवर्ती निवास-स्थान का कब्जा लेता है, उस निवास-स्थान, सेवाओं और फर्नीचर के उपयोग और अधिभोग के लिए उतनी नुकसानी और उद्यान प्रभारों का संदाय, उतनी बाजार अनुज्ञप्ति फीस के बराबर करने के लिए दायी होगा, जितनी सरकार समय-समय पर अवधारित करे ।

निवास-स्थान के खाली किए जाने तक अधिकारी का अनुज्ञप्ति फीस देने का वैयक्तिक दायित्व तथा अस्थायी अधिकारियों द्वारा प्रतिभू किया जाना—अनु०नि० 316-कध-13 :

(1) जिस अधिकारी को निवास-स्थान का आबंटन किया जाए उस पर उसकी अनुज्ञप्ति फीस का तथा उस नुकसान का दायित्व होगा जो उचित टूट-फूट के अतिरिक्त है और जो उस निवास-स्थान को अथवा सरकार द्वारा उसमें दिए गए फर्नीचर, फिक्सचर, फिटिंग या सेवा-व्यवस्था को उस अवधि के दौरान पहुंचती है जब निवास-स्थान उसे आबंटित कर दिया जाता है और आबंटित बना रहता है या, यदि आबंटन इन नियमों के किसी उपबन्ध के अधीन रद्द कर दिया गया है वहां, जब तक निवास-स्थान तथा उससे संलग्न उपगृह खाली करके उनका पूर्णतः खाली रूप में कब्जा सरकार को वापस नहीं कर दिया जाता ।

(2) यदि वह अधिकारी जिसे निवास-स्थान आबंटित किया गया है, न तो स्थायी सरकारी सेवक है और न स्थायीवत् तो वह केन्द्रीय सरकार द्वारा उस निमित्त विहित प्ररूप में, एक प्रतिभू सहित प्रतिभूति पत्र निष्पादित करेगा । यह प्रतिभू केन्द्रीय सरकार के अधीन सेवा करने वाला स्थायी सरकारी सेवक होना चाहिए । यह प्रतिभूति-पत्र अनुज्ञप्ति फीस तथा अन्य ऐसे प्रभारों के संदाय के लिए होगा जो उस निवास-स्थान और अन्य सेवाओं की बाबत तथा उसके बदले में दिए गए किसी अन्य निवास-स्थान की बाबत उसके द्वारा देय है ।

(3) यदि प्रतिभू सरकारी सेवा में नहीं रह जाता या दिवालिया हो जाता है या किसी अन्य कारण से उपलब्ध नहीं रह जाता है तो अधिकारी किसी अन्य प्रतिभू द्वारा निष्पादित एक नया बन्धपत्र उस घटना या तथ्य की जानकारी प्राप्त होने की तारीख से तीस दिन के भीतर देगा, और यदि वह ऐसा नहीं करता है तो, जब तक कि संपदा निदेशक अन्यथा विनिश्चय न करे, उस निवास-स्थान का उसे आबंटन उस घटना की तारीख से रद्द किया गया समझा जाएगा ।

आबंटन का अभ्यर्पण और सूचना की अवधि—अनु०नि० 317-कध-14 :

(1) अधिकारी ऐसी सूचना दे कर, जो निवास-स्थान को खाली करने की तारीख से कम से कम दस दिन पूर्व सम्पदा निदेशक के पास पहुंच जाए, किसी भी समय आबंटन को अभ्यर्पित कर सकता है । निवास-स्थान का आबंटन उस दिन के पश्चात जिसको पत्र संपदा निदेशक को प्राप्त होता है, ग्यारहवें दिन से या पत्र में विनिर्दिष्ट तारीख से, जो भी पश्चातवर्ती है रद्द किया गया समझा जाएगा । यदि अधिकारी सम्यक् सूचना न दे तो वह दस दिन की, अथवा दस दिन की सूचना देने में जितने दिन की कमी है उतने दिन की अनुज्ञप्ति फीस देने के लिए उत्तरदायी होगा, परन्तु संपदा निदेशक कम अवधि की सूचना स्वीकार कर सकता है ।

(2) उपनियम (1) के अधीन निवास स्थान अभ्यर्पित करने वाले अधिकारी के संबंध में, उसी स्टेशन पर सरकारी वास-सुविधा का आबंटन करने के लिए ऐसे अभ्यर्पण की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक पुनः विचार नहीं किया जाएगा ।

निवास-स्थान बदलना—अनु०नि० 317-कध-15 :

(1) जिस अधिकारी को इन नियमों के अधीन निवास स्थान का आबंटन किया गया है वह यह आवेदन कर सकता है कि उसे उसके बदले में उसी टाइप का अथवा उस टाइप का जिसका पात्र वह अनु० नि० 317—कध—5 के अधीन है (जो भी निम्नतर है) निवास स्थान दिया जाए । किसी अधिकारी को आबंटित एक टाइप का निवास-स्थान एक बार से अधिक बदलने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(2) बदली के लिए सम्पदा निदेशक द्वारा विहित प्ररूप में किए गए सभी आवेदन किसी कलेण्डर मास के जो उन्नीसवें दिन तक प्राप्त हो जाते हैं, अगले मास की प्रतीक्षा-सूची में सम्मिलित किए जाएंगे । इस नियम के प्रयोजनों के लिए, वे अधिकारी जिनके नाम पूर्ववर्ती मास की प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित किए गए हैं समुच्चयित रूप से उन अधिकारियों से ज्येष्ठ होंगे जिनके नाम पश्चातवर्ती मास की सूची में सम्मिलित किए जाते हैं । किसी विशिष्ट मास की सूची में सम्मिलित किए गए अधिकारियों की परस्पर ज्येष्ठता उनकी पूर्विकता तारीखों के क्रम से अवधारित की जाएगी ।

(3) बदली का अवसर उपनियम (2) के अनुसार अवधारित ज्येष्ठता क्रम में तथा अधिकारियों की अपनी पसन्द का यथा संभव ध्यान रखते हुए दिया जाएगा :

परन्तु सेवानिवृत्ति की तारीख से ठीक पूर्ववर्ती छह मास की अवधि के दौरान कोई निवास-स्थान बदलने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(4) यदि कोई अधिकारी निवास-स्थान बदलने की प्रस्थापना या आबंटन जारी किए जाने के पांच दिन के अंदर उसे स्वीकार नहीं करता तो उसके नाम पर उस टाइप के निवास-स्थान के परिवर्तन के लिए पुनः विचार नहीं किया जायगा ।

(5) जो अधिकारी, निवास-स्थान को बदली स्वीकार करने के पश्चात उसका कब्जा नहीं लेता उससे ऐसे निवास स्थान के लिए अनु० नि० 317—कध—12 के उपनियम (1) के उपबन्धों के अनुसार अनुज्ञप्ति की फीस ली जाएगी, जो उस निवास स्थान के लिए, जो पहले से उसके कब्जे में है, और जिसका आबंटन बराबर बना रहेगा, मू०नि० 45-क के अधीन प्रसामान्य अनुज्ञप्ति फीस के अतिरिक्त होगी ।

कुटुम्ब के सदस्य की मृत्यु की दशा में निवास-स्थान बदलना—अनु०नि० 317-कख-16 :

अनु०नि० 317-कख-15 में किसी बात के होते हुए भी, यदि अधिकारी के कुटुम्ब के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाती है और वह निवास-स्थान बदलने के लिए आवेदन ऐसी घटना के तीन मास के भीतर करता है तो उसे निवास-स्थान बदलने की अनुज्ञा दी जा सकती है : परन्तु यह बदली उसी टाइप के निवास-स्थान में तथा उसी मंजिल पर होगी जिस टाइप का निवास स्थान उस अधिकारी को पहले से आबंटित है।

निवास-स्थानों का पारस्परिक विनिमय-अनु० नि० 317-कख-17 :

जिन अधिकारियों को इन नियमों के अधीन एक ही टाइप के निवास-स्थान आबंटित किए गए है, वे आवेदन कर सकते हैं कि उन्हें अपने निवास-स्थानों का पारस्परिक विनिमय करने की अनुज्ञा दी जाए। जब इस बात की उचित तौर पर प्रत्याशा हो कि दोनों अधिकारी ऐसे विनिमय के अनुमोदन की तारीख से कम से कम छह मास तक इन्दौर में कर्तव्यारूढ़ रहेंगे और पारस्परिक रूप से विनिमय में प्राप्त अपने निवास-स्थानों में रहेंगे तब पारस्परिक विनिमय की अनुज्ञा दी जा सकती है।

उन स्थानों के लिए स्थानान्तरण जहां कुटुम्ब नहीं रखा जा सकता—अनु०नि० 317-कख-18 :

यदि किसी अधिकारी का स्थानान्तरण किसी ऐसे स्थान को किया जाता है जहां उसे अपना कुटुम्ब साथ ले जाने के लिए सरकार द्वारा अनुज्ञा नहीं दी जाती या सलाह नहीं दी जाती और इन नियमों के अधीन उसे आबंटित निवास-स्थान उसकी संतान की वास्तविक शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं के लिए कुटुम्ब द्वारा अपेक्षित है तो उसे, प्रार्थना करने पर, इन्दौर में अपनी संतान के चालू शैक्षणिक सत्र के अन्त तक मू०नि०45-क के अधीन अनुज्ञप्ति फीस के संदाय पर, निवास स्थान रखे रखने की अनुज्ञा दी जा सकती है।

निवास-स्थान का रख-रखाव—अनु० नि० 317-कख-19 :

जिस अधिकारी को निवास-स्थान का आबंटन किया गया है वह उसे और परिसरों को यथास्थिति केन्द्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा सम्बद्ध नगरपालिका को समाधानप्रद रूप में साफ सुथरा रखेगा। ऐसा अधिकारी उस निवास-स्थान से संलग्न किसी उद्यान, सेहन या चार-दिवारी में न तो सरकार या केन्द्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के विरुद्ध कोई वृक्ष, झाड़ी या पौधे उगाएगा और न ही किसी विद्यमान वृक्ष या झाड़ी को केन्द्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग की लिखित पूर्व अनुज्ञा के बिना काटेगा या छांटेगा। इस नियम के उल्लंघन में उगाए गए वृक्ष, पौधे या वनस्पति संबंधित अधिकारी की जोखिम पर उसके खर्च पर केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग हटवा सकेगा।

निवास-स्थान को शिकमी देना और सहभोग—अनु०नि० 317-कख-20 :

(1) कोई अधिकारी अपने को आबंटित निवास-स्थान या उससे संलग्न उपगृहों, गैरेजों और अस्तबलों का सहभोग इन नियमों के अधीन निवास-स्थान के आबंटन के पात्र केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के साथ ही करेगा। सेवक-निवासों, उपगृहों, गैरेजों और अस्तबलों का उपयोग केवल उचित प्रयोजनों के लिए, जिनके अन्तर्गत आबंटिती के सेवकों का निवास भी है, या अन्य ऐसे प्रयोजनों के लिए किया जाएगा जिनकी सम्पदा निदेशक अनुज्ञा दे।

(2) कोई अधिकारी अपने सम्पूर्ण निवास-स्थान को शिकमी नहीं देगा :

परन्तु छुट्टी पर जाने वाला अधिकारी अपने निवास-स्थान में किसी अन्य अधिकारी को, जो सरकारी वास-सुविधा का सहभोग करने के लिए पात्र है, देखभाल करने वाले के रूप में, अनु०नि० 317-कख-11 (2) में विनिर्दिष्ट अवधिपर्यन्त (जो छह मास से अधिक की नहीं होगी) रख सकता है।

(3) जो अधिकारी अपने निवास-स्थान का सहभोग करे या उसे शिकमी दे वह ऐसा अपनी जोखिम और उत्तरदायित्व पर करेगा और उस निवास-स्थान की बाबत देय कोई अनुज्ञप्ति फीस देने के लिए और ऐसे किसी नुकसान के लिए वैयक्तिक रूप में उत्तरदायी बना रहेगा जो निवास-स्थान को या उसकी प्रतीमाओं या भूमियों को या सरकार द्वारा उसमें की गई सेवा व्यवस्थाओं को पहुंचे और जो उचित टूट-फूट के अतिरिक्त हो।

नियमों और शर्तों का भंग करने का परिणाम—अनु० नि० 317-कख-21 :

(1) यदि वह अधिकारी जिसे निवास-स्थान आबंटित किया गया है अप्राधिकृत रूप से निवास-स्थान शिकमी देता है या सहभोगी से अनुज्ञप्ति फीस ऐसा वर से लेता है जिसे सम्पदा निदेशक अत्यधिक समझता है अथवा निवास-स्थान के किसी भाग में कोई अप्राधिकृत निर्माण करता है अथवा निवास-स्थान या उसके किसी भाग का उपयोग उन प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिए करता है जिनके लिए वह है अथवा विद्युत् या जल के कनेक्शन को बिगाड़ता है अथवा इस प्रभाग के नियमों या आबंटन के निबन्धनों और शर्तों को भंग करता है अथवा किन्हीं ऐसे प्रयोजनों के लिए, जिन्हें संपदा निदेशक अनुचित समझे, निवास-स्थान या परिसर का उपयोग करता है या किए जाने का अनुज्ञा देकर उन्हें नुकसान पहुंचाता है अथवा स्वयं ऐसा आचरण करता है जो संपदा निदेशक की राय में उस अधिकारी के पड़ोसियों से शान्तिपूर्ण सम्बन्धों को बनाए रखने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है अथवा आबंटन प्राप्त करने की दृष्टि से किसी आवेदन या लिखित कथन में कोई गलत जानकारी जानबूझ कर देता है तो संपदा निदेशक, ऐसी किसी अतिरिक्त कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो उस अधिकारी के विरुद्ध की जा सकती हो निवास-स्थान का आबंटन रद्द कर सकता है।

स्पष्टीकरण—इस उपनियम में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, "अधिकारी" पद के अन्तर्गत उसके कुटुम्ब का कोई सदस्य और ऐसे अधिकारी के माध्यम से दावा करने वाला कोई व्यक्ति भी है।

(2) यदि कोई अधिकारी उसे आबंटित निवास-स्थान को या उसके किसी भाग को या उससे संलग्न किसी उपगृह, गैरेज या अस्तबल को इन नियमों का उल्लंघन करके शिकमी देता है तो ऐसी किसी अन्य कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो उसके विरुद्ध की जा सकती हो, उससे उतनी बर्धित अनुज्ञप्ति फीस ली जा सकती है जो मूल नियम 45-क के अधीन मासिक अनुज्ञप्ति फीस के चार गुने से अधिक नहीं है। प्रत्येक मामले में इस बात का विनिश्चय कि कितनी अनुज्ञप्ति फीस वसूल की जाए और किस अवधि के लिए वसूल की जाए, सम्पदा निदेशक गुणागुण के आधार पर करेगा। इसके अतिरिक्त उस अधिकारी को भविष्य में ऐसी विनिर्दिष्ट अवधिपर्यन्त, जो सम्पदा निदेशक विनिश्चित करे, निवास-स्थान का सहभोग करने से विवर्जित किया जा सकता है।

(3) जहां आबंटिती द्वारा परिसर के अप्राधिकृत रूप से शिकमी दिए जाने के कारण आबंटन रद्द करने की कार्रवाई की जाती है वहां आबंटिती तथा उसके साथ उसमें निवास करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को परिसर खाली करने के लिए साठ दिन का समय दिया जाएगा। परिसर खाली किए जाने की तारीख या आबंटन रद्द करने के आदेश की तारीख से, जो भी पूर्वतर है साठ दिन की अवधि समाप्त होने पर, आबंटन रद्द हो जाएगा।

(4) यदि निवास-स्थान का आबंटन ऐसे आचरण के कारण रद्द किया जाता है जो पड़ोसियों से शान्तिपूर्ण सम्बन्ध बनाए रखने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है तो उस अधिकारी को संपदा निदेशक के विवेकानुसार उसी वर्ग का अन्य निवास-स्थान किसी अन्य स्थान में आबंटित किया जा सकता है।

(5) संपदा निदेशक इस नियम के उपनियम (1) से (4) तक के अधीन सभी कार्रवाइयां या कोई कार्रवाई करने के लिए तथा ऐसे अधिकारी को, जो नियमों का तथा उसे जारी किए गए अनुदेशों को भंग करता है, तीन वर्ष से अनधिक की अवधि के लिए वास-सुविधा के आबंटन के लिए अपात्र घोषित करने के लिए भी सक्षम होगा।

(6) यदि इस नियम के अधीन कोई शास्ति उप संपदा निदेशक की पंक्ति के किसी अधिकारी द्वारा अधिरोपित की जाती है, तो व्यथित व्यक्ति अपने या अपने नियोजक द्वारा शास्ति अधिरोपित करने वाले आदेशों की प्राप्ति के इक्कीस दिन के भीतर संपदा निदेशक या संपदा अतिरिक्त निदेशक को अभ्यावेदन कर सकेगा।

(7) शास्ति अधिरोपित करने वाला मूल आदेश तब तक वैध रहेगा जब तक वह अभ्यावेदन के परिणामस्वरूप उपान्तरित या विखंडित नहीं कर दिया जाता।

आबंटन के रद्द किए जाने के पश्चात् निवास-स्थान में बने रहना—अनु० नि० 317-कध-22 :

